गुरुत्व कार्यालय द्वारा प्रस्तुत मासिक ई-पत्रिका सितम्बर-2020

पितृपक्ष विशेष

Nonprofit Publications

FREE
E CIRCULAR
For Premium User

गुरुत्व ज्योतिष

मासिक ई-पत्रिका

सितम्बर-2020

संपादक

चिंतन जोशी

संपर्क

गुरुत्व ज्योतिष विभाग

गुरुत्व कार्यालय

92/3. BANK COLONY,
BRAHMESHWAR PATNA,
BHUBNESWAR-751018,
(ODISHA) INDIA

फोन

91+9338213418,
91+9238328785,

ईमेल

gurutva.karyalay@gmail.com,
gurutva_karyalay@yahoo.in,

वेब

www.gurutvakaryalay.com

www.gurutvakaryalay.in

http://gk.yolasite.com/

www.shrigems.com

www.gurutvakaryalay.blogspot.com/

पत्रिका प्रस्तुति

चिंतन जोशी,

गुरुत्व कार्यालय

फोटो ग्राफिक्स

चिंतन जोशी,

गुरुत्व कार्यालय

अनुक्रम

प्रिय आत्मिय,

बंधु/ बहिन

जय गुरुदेव

हिन्दू संस्कृति में माता-पिता ही देव माना जाता है।

इस लिये शास्त्रों में कहां गया हैं।

मातृदेवो भव पितृ देवो भवः

अर्थातः माता-पिता ही साक्षात देवता (भगवान) हैं।

इस लिए माता-पिता की सेवा करने से विद्या, यश, बल और आयु की प्राप्ति होती है।

माता-पिता की मृत्यु के बाद में उनकी जीवात्मा के सद्गति एवं कल्याण के लिए श्राद्धकर्म का विधान बताया गया हैं।

मृत्यु के बाद जीवात्मा को अपने शुभ-अशुभ कर्मों के अनुरुप सुख-दुःख एवं स्वर्ग एवं नरक को प्राप्त करती है। इस लिए संतान का यह कर्तव्य है, कि वह अपने माता-पिता तथा स्वजनों की मृत्यु के बाद में उनहें परलोक में कल्याण अथवा एवं अन्य प्राणि की योनि में भी कल्याण तथा सुख की प्राप्ति के निमित्त श्रद्धापूर्वक शास्त्रोक्त कर्म करना चाहिए। इस लिए हिन्दू धर्म में पितृऋण से मुक्ति के लिए श्राद्ध कर्म अथवा पितृकर्म किया जाता है।

शास्त्रों में उल्लेखित हैं की नाम तथा गोत्र के माध्यम से विश्वेदेव तथा अग्निदेव इत्यादि पितरों के निमित्त दीगई हव्यको पितरों तक पहुंचा देते हैं।

यदि पितर देव योनि को प्राप्त हुवे हो तो उन्हें दिया गया पिण्ड अमृत रूपमें प्राप्त हो जाता है तथा यदि मनुष्य योनि को प्राप्त हुवे हो तो उन्हें दिया गया पिण्ड अन्न के रूपमें प्राप्त हो जाता है तथा यदि पितर अन्य प्राणियों की योनि को को प्राप्त हुवे हो तो उन्हें दिया गया पिण्ड उस प्राणि के भोजन के अनुरुप प्राप्त हो जाता है और जीव को तृप्त करती है। जानकारों का मत हैं की श्राद्ध के प्रभाव से उस दिन पितर गण जिस रुप में भी हो उनके निमित्त किया गया पिण्ड दान पितरों को रुपांतरित होकर किसी ना किसी रुप से कोई ना कोई लाभ अवश्य करता है।

श्राद्ध करमे के निमित्त विशेष मन्त्रों के द्वारा जब उन्हें बुलाया जाता हैं, तब पितर मनकी गतिकी तरह स्मरण मात्रसे ही श्राद्ध के स्थान पर उपस्थित हो जाते हैं और आमंत्रित किये गये ब्राह्मणों के माध्यम से भोजन ग्रहण कर तृप्त हो जाते हैं।

शास्त्रों में श्राद्ध कर्म के लिए यदि पर्याप्त धन न हो तो श्राद्ध कर्म किस प्रकार करना चाहिए इस का वर्ण भी किया गया है।

कोई संपन्न हो या गरीब अपने सामर्थ्य के अनुसार श्राद्धकर्म सभी वर्ग के व्यक्ति को यथा संभव साधनोंसे पूर्ण श्रद्धाभाव से श्राद्धकर्म अवश्य करना चाहिये।

यदि पुत्र न हो तो श्राद्ध करने का धिकार मुख्य रुप से पुत्र को बताया गया हैं लेकिन यदि पुत्र संतान न हो तो यह के अलावा पौत्र, प्रपौत्र, दौहित्र (पुत्रीका पुत्र अर्थात नाती), पत्नी, भाई, भतीजा, पिता, माता, पुत्रवधू, बहन, भानजा, सपिण्ड (अर्थात मृतक से लेकर पूर्व की सात पीढ़ी तक का परिवार) तथा सोदकर (अर्थात आठवीं पीढ़ी से लेकर चौदहवीं पीढ़ी तक के पूर्वजों का परिवार) को होता हैं।

शास्त्रों में विभिन्न मत में श्राद्ध करने का अधिकार मुख्य रुप से पुत्र को ही दिया गया हैं तथा पुत्र के अभाव में श्राद्ध कर्म चौदहवीं पीढ़ी तक के पूर्वजों का परिवार कर सकता हैं। यदि सगे-संबंधि न हो तो मित्रों अथवा मृतक के धनसे राजा (सरकारी अधिकारी) उसके सभी कर्म करवा सकते है।

दान के विषय में विद्वानों का कथन हैं पितरों के निमित्त किया गया दान पितर तक पहुच जाता है। यदि जीवात्मा की मुक्ति हो गई हो तो भी दिये गये श्राद्ध कर्म एवं दान का पूण्य लाभ पुनः आपको ही विशेष लाभ देगा।

यदि एक सामान्य उदाहरण से समझे तो यदि हमें अपने बैंक खाते से किसी अन्य बैंक खाते में पैसे स्थानांतरण (Transfer) करने हो तो खाता धारक का नाम और नंबर तथा जिस शाखा में खाता हो उस शाखा विशेष शाखा क्रमांक सहि हो तो ही पैसे खाते में जमा होते हैं अन्यथा पैसे भेजने वाले के खाते में वापस आजाते हैं।

उसी प्रकार यदि हमें किसी को सीधे डाक से नकद पैसे भेजने हो तो वह केवल उसी व्यक्ति या अधिकृत व्यक्ति को ही दिये जाते हैं, यदि किसी कारण से प्राप्त कर्ता व्यक्ति या अधिकृत व्यक्ति उपलब्ध न हो या पता बदल गया हो तो भेजा गया पैसा डाक के माध्य में वापस मिल जाता है। जब भेजा गया पैसा गलत खाते या पते पर जाकर व्यर्थ नहीं होता वह पुनः वापस आ जाता हैं। तो विधि-पूर्वक किया गया श्राद्ध कर्म कैसे व्यर्थ जा सकता है !

देवलोक तथा पितृलोक में निवास कर्ता का आयुष्य काल मनुष्य के आयुष्य काल से कई गुना ज्यादा होता है। इसी लिए हमारे एक मास के बराबर पितरों का केवल एक अहोरात्र (अर्थात दिन-रात) होता है। इस लिए अपने पितरों को देवलोक अथवा पितृलोक में मानकर श्राद्ध कर्म अवश्य करना चाहिए।

विभिन्न शास्त्रों-धर्मग्रंथों में वर्णित श्राद्ध कर्म की पद्धतियों के वर्णन में भिन्नता संभव हैं तथा विभिन्न प्रदेशों एवं लोक परम्पराओं में अंतर से भी इस में भिन्नता संभव हैं।

हमारा प्रयास रहा हैं की विभिन्न शास्त्रों-धर्मग्रंथों एवं विद्वानों से प्राप्त जानकारी के आधार पर पाठकों के मार्गदर्श हेतु सर्वाधिक प्रचलित श्राद्ध कर्म एवं जानकारीयों को समाहित करने का प्रयास किया हैं।

यदि जानकारीयों के वर्णन में यदि कोई त्रुटि रह गई हो तो उसके लिए मैं क्षमा प्रार्थी हूँ!

आपको एवं आपके परिवार के सभी सदस्यों को गुरुत्व कार्यालय परिवार की और से हार्दिक शुभकामनाएं ..

आप अपने जीवन में दिन प्रतिदिन अपने उद्देश्य कि पूर्ति हेतु अग्रणिय होते रहे आपकी सकल मनोकामनाएं पूर्ण हो एवं आपके सभी शुभ कार्य परमात्मा के आशिर्वाद से पूर्ण होते रहे हमारी यहि मंगल कामना हैं......

चिंतन जोशी

***** मासिक ई-पत्रिका से संबंधित सूचना *****

- ई-पत्रिका में प्रकाशित सभी लेख गुरुत्व कार्यालय के अधिकारों के साथ ही आरक्षित हैं।
- ई-पत्रिका में वर्णित लेखों को नास्तिक/अविश्वासु व्यक्ति मात्र पठन सामग्री समझ सकते हैं।
- ई-पत्रिका में प्रकाशित लेख आध्यात्म से संबंधित होने के कारण भारतिय धर्म शास्त्रों से प्रेरित होकर प्रस्तुत किया गया हैं।
- ई-पत्रिका में प्रकाशित लेख से संबंधित किसी भी विषयो कि सत्यता अथवा प्रामाणिकता पर किसी भी प्रकार की जिन्मेदारी कार्यालय या संपादक कि नहीं हैं।
- ई-पत्रिका में प्रकाशित जानकारीकी प्रामाणिकता एवं प्रभाव की जिन्मेदारी कार्यालय या संपादक की नहीं हैं और ना हीं प्रामाणिकता एवं प्रभाव की जिन्मेदारी के बारे में जानकारी देने हेतु कार्यालय या संपादक किसी भी प्रकार से बाध्य हैं।
- ई-पत्रिका में प्रकाशित लेख से संबंधित लेखो में पाठक का अपना विश्वास होना आवश्यक हैं। किसी भी व्यक्ति विशेष को किसी भी प्रकार से इन विषयो में विश्वास करने ना करने का अंतिम निर्णय स्वयं का होगा।
- ई-पत्रिका में प्रकाशित लेख से संबंधित किसी भी प्रकार की आपत्ती स्वीकार्य नहीं होगी।
- ई-पत्रिका में प्रकाशित लेख हमारे वर्षो के अनुभव एवं अनुशंधान के आधार पर दिए गये हैं। हम किसी भी व्यक्ति विशेष द्वारा प्रयोग किये जाने वाले धार्मिक, एवं मंत्र- यंत्र या अन्य प्रयोग या उपायोकी जिन्मेदारी नहिं लेते हैं। यह जिन्मेदारी मंत्र- यंत्र या अन्य उपायोको करने वाले व्यक्ति कि स्वयं कि होगी।
- क्योकि इन विषयो में नैतिक मानदंडों, सामाजिक, कानूनी नियमों के खिलाफ कोई व्यक्ति यदि नीजी स्वार्थ पूर्ति हेतु प्रयोग कर्ता हैं अथवा प्रयोग के करने मे त्रुटि होने पर प्रतिकूल परिणाम संभव हैं।
- ई-पत्रिका में प्रकाशित लेख से संबंधित जानकारी को माननने से प्राप्त होने वाले लाभ, लाभ की हानी या हानी की जिन्मेदारी कार्यालय या संपादक की नहीं हैं।
- हमारे द्वारा प्रकाशित किये गये सभी लेख, जानकारी एवं मंत्र-यंत्र या उपाय हमने सैकडोबार स्वयं पर एवं अन्य हमारे बंधुगण पर प्रयोग किये हैं जिस्से हमे हर प्रयोग या कवच, मंत्र-यंत्र या उपायो द्वारा निश्चित सफलता प्राप्त हुई हैं।
- ई-पत्रिका में गुरुत्व कार्यालय द्वारा प्रकाशित सभी उत्पादों को केवल पाठको की जानकारी हेतु दिया गया हैं, कार्यालय किसी भी पाठक को इन उत्पादों का क्रय करने हेतु किसी भी प्रकार से बाध्य नहीं करता हैं। पाठक इन उत्पादों को कहीं से भी क्रय करने हेतु पूर्णतः स्वतंत्र हैं।

अधिक जानकारी हेतु आप कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

(सभी विवादो केलिये केवल भुवनेश्वर न्यायालय ही मान्य होगा।)

सितम्बर 2020 मासिक पंचांग

दि	वार	माह	पक्ष	तिथि	समाप्ति	नक्षत्र	समाप्ति	योग	समाप्ति	करण	समाप्ति	चंद्र राशि	समाप्ति
1	मंगल	भाद्रपद	शुक्ल	चतुर्दशी	09:42	धनिष्ठा	16:37	अतिगंड	13:00	वणिज	09:42	कुंभ	-
2	बुध	भाद्रपद	शुक्ल	पूर्णिमा	10:51	शतभिषा	18:33	सुकर्मा	13:03	बव	10:51	कुंभ	-
3	गुरु	आश्विन	कृष्ण	प्रतिपदा	12:23	पूर्वाभाद्रपद	20:50	धृति	13:22	कौलव	12:23	कुंभ	18:29
4	शुक्र	आश्विन	कृष्ण	द्वितीया	14:15	उत्तराभाद्रपद	23:27	शूल	13:58	गर	14:15	मीन	-
5	शनि	आश्विन	कृष्ण	तृतीया	16:27	रेवति	26:20	गंड	14:48	विष्टि	16:27	मीन	19:36
6	रवि	आश्विन	कृष्ण	चतुर्थी	18:52	अश्विनी	29:23	वृद्धि	15:48	बालव	18:52	मेष	-
7	सोम	आश्विन	कृष्ण	पंचमी	21:21	भरणी	-	ध्रुव	16:50	कौलव	08:06	मेष	-
8	मंगल	आश्विन	कृष्ण	षष्ठी	23:44	भरणी	08:25	व्याघात	17:48	गर	10:34	मेष	21:21
9	बुध	आश्विन	कृष्ण	सप्तमी	25:46	कृतिका	11:15	हर्षण	18:32	विष्टि	12:48	वृष	-
10	गुरु	आश्विन	कृष्ण	अष्टमी	27:16	रोहिणि	13:38	वज्र	18:51	बालव	14:36	वृष	22:47
11	शुक्र	आश्विन	कृष्ण	नवमी	28:2	मृगशिरा	15:24	सिद्धि	18:38	तैतिल	15:45	मिथुन	-
12	शनि	आश्विन	कृष्ण	दशमी	27:59	आद्रा	16:24	व्यतिपात	17:47	वणिज	16:07	मिथुन	-
13	रवि	आश्विन	कृष्ण	एकादशी	27:04	पुनर्वसु	16:33	वरियान	16:14	बव	15:38	मिथुन	00:33
14	सोम	आश्विन	कृष्ण	द्वादशी	25:20	पुष्य	15:52	परिघ	14:00	कौलव	14:18	कर्क	-

15	मंगल	आश्विन	कृष्ण	त्रयोदशी	22:54	आश्लेषा	14:25	शिव	11:08	गर	12:12	कर्क	02:34
16	बुध	आश्विन	कृष्ण	चतुर्दशी	19:53	मघा	12:20	सिद्धि	07:44	विष्टि	09:27	सिंह	-
17	गुरु	आश्विन	कृष्ण	अमावस्या	16:29	पूर्वाफाल्गुनी	09:48	शुभ	23:50	चतुष्पाद	06:14	सिंह	04:41
18	शुक्र	आश्विन (अधिक)	शुक्ल	प्रतिपदा	12:53	उत्तराफाल्गुनी	06:59	शुक्ल	19:38	बव	12:53	कन्या	-
19	शनि	आश्विन (अधिक)	शुक्ल	द्वितीया-तृतीया	09:15 -29:47	चित्रा	25:20	ब्रह्म	15:28	कौलव	09:15	कन्या	06:47
20	रवि	आश्विन (अधिक)	शुक्ल	चतुर्थी	26:37	स्वाती	22:51	इन्द्र	11:29	वणिज	16:09	तुला	-
21	सोम	आश्विन (अधिक)	शुक्ल	पंचमी	23:55	विशाखा	20:48	वैधृति	07:48	बव	13:12	तुला	08:54
22	मंगल	आश्विन (अधिक)	शुक्ल	षष्ठी	21:45	अनुराधा	19:18	प्रीति	25:42	कौलव	10:46	वृश्चिक	-
23	बुध	आश्विन (अधिक)	शुक्ल	सप्तमी -	20:13	जेष्ठा	18:24	आयुष्मान	23:25	गर	08:54	वृश्चिक	11:00
24	गुरु	आश्विन (अधिक)	शुक्ल	अष्टमी	19:18	मूल	18:09	सौभाग्य	21:38	विष्टि	07:41	धनु	-
25	शुक्र	आश्विन (अधिक)	शुक्ल	नवमी	19:00	पूर्वाषाढ़	18:30	शोभन	20:22	बालव	07:04	धनु	12:57
26	शनि	आश्विन (अधिक)	शुक्ल	दशमी	19:15	उत्तराषाढ़	19:25	अतिगंड	19:33	तैतिल	07:04	मकर	-
27	रवि	आश्विन (अधिक)	शुक्ल	एकादशी	20:00	श्रवण	20:49	सुकर्मा	19:08	वणिज	07:34	मकर	-
28	सोम	आश्विन (अधिक)	शुक्ल	द्वादशी	21:10	धनिष्ठा	22:38	धृति	19:04	बव	08:32	मकर	15:17
29	मंगल	आश्विन (अधिक)	शुक्ल	त्रयोदशी	22:41	शतभिषा	24:47	शूल	19:16	कौलव	09:53	कुंभ	-
30	बुध	आश्विन (अधिक)	शुक्ल	चतुर्दशी	24:30	पूर्वाभाद्रपद	27:14	गंड	19:44	गर	11:33	कुंभ	16:29

सितम्बर 2020 मासिक व्रत-पर्व-त्यौहार

दि	वार	माह	पक्ष	तिथि	समाप्ति	प्रमुख व्रत-त्योहार
1	मंगल	भाद्रपद	शुक्ल	चतुर्दशी	09:42	अनन्त चतुर्दशी, 10 दिन का श्रीगणेशोत्सव पूर्ण, पार्थिव गणेश प्रतिमा विसर्जन (महाराष्ट्र), इन्द्र गोविन्द पूजा (ओड़ीसा), व्रत की पूर्णिमा, महालय आरंभ,पूर्णिमा का श्राद्ध (09:42 बजे पश्चयात), श्रीसत्यनारायण पूजा कथा, क्षमावाणी पर्व (दिगंबर जैन),
2	बुध	भाद्रपद	शुक्ल	पूर्णिमा	10:51	स्नान-दान हेतु उत्तम भाद्रपदी पूर्णिमा (10:51 बजे पूर्व), शिव परिवर्तनोत्सव, लोकपाल पूजा पूर्णिमा, संन्यासियोंका चातुर्मास पूर्ण (शास्त्रोक्त मत से चातुर्मास के व्रतधारी के लिए आश्विन में दूध वर्जित हैं।), श्रीमद्भागवत सप्ताह पूर्ण, गोत्रिरात्र व्रत पूर्ण, पितृपक्ष का तर्पण प्रारंभ, प्रतिपदा का श्राद्ध 10:51 बजे पश्चयात,
3	गुरु	आश्विन	कृष्ण	प्रतिपदा	12:23	आश्विन कृष्ण आरंभ, अशून्य शयन व्रत, द्वितीया का श्राद्ध, दूज का श्राद्ध 12:23 बजे पश्चयात,दूज का श्राद्ध,
4	शुक्र	आश्विन	कृष्ण	द्वितीया	14:15	द्वितीया का श्राद्ध, दूज का श्राद्ध 14:15 बजे पूर्व,
5	शनि	आश्विन	कृष्ण	तृतीया	16:27	तृतीया श्राद्ध, तीज का श्राद्ध, संकष्टी श्रीगणेशचतुर्थी व्रत, (चं.उ.रा.7:37)
6	रवि	आश्विन	कृष्ण	चतुर्थी	18:52	चतुर्थी का श्राद्ध, चौथ का श्राद्ध, कृत्तिका श्राद्ध
7	सोम	आश्विन	कृष्ण	पंचमी	21:21	पंचमी का श्राद्ध, भरणी श्राद्ध, चंद्र षष्ठी व्रत,
8	मंगल	आश्विन	कृष्ण	षष्ठी	23:44	षष्ठी का श्राद्ध, छठ का श्राद्ध, कपिला षष्ठी,
9	बुध	आश्विन	कृष्ण	सप्तमी	25:46	सप्तमी का श्राद्ध, सातम का श्राद्ध, भानु सप्तमी पर्व (विद्वानों के मत से सूर्य ग्रहण तुल्य फलप्रद),
10	गुरु	आश्विन	कृष्ण	अष्टमी	27:16	अष्टमी का श्राद्ध, आठम का श्राद्ध, कालाष्टमी व्रत, महालक्ष्मी अष्टमी,महालक्ष्मी व्रत पूर्ण, गयामध्याष्टमी, जीवित्पुत्रिका व्रत, जीउतिया व्रत, गजगौरी अष्टमी,
11	शुक्र	आश्विन	कृष्ण	नवमी	28:2	नवमी का श्राद्ध, नोम का श्राद्ध, मातृनवमी श्राद्ध, सौभाग्यवती स्त्रियों (सुहागिनों) का श्राद्ध, जीवित्पुत्रिका व्रत का पारण,
12	शनि	आश्विन	कृष्ण	दशमी	27:59	दशमी का श्राद्ध,
13	रवि	आश्विन	कृष्ण	एकादशी	27:04	इंदिरा एकादशी व्रत, एकादशी का श्राद्ध, ग्यारस का श्राद्ध,
14	सोम	आश्विन	कृष्ण	द्वादशी	25:20	द्वादशी का श्राद्ध, बारस का श्राद्ध, संन्यासियों-यति व वैष्णवों का श्राद्ध, रेंटिया बारस,
15	मंगल	आश्विन	कृष्ण	त्रयोदशी	22:54	त्रयोदशी का श्राद्ध, तेरस का श्राद्ध, मघा श्राद्ध, भोम-प्रदोष व्रत, मासिक शिवरात्रि व्रत,
16	बुध	आश्विन	कृष्ण	चतुर्दशी	19:53	दुर्मरण श्राद्ध, (आज के दिन शस्त्र, विष, अग्नि, जल, दुर्घटना आदि से अकाल मृत्यु में मरे व्यक्ति का श्राद्ध), चतुर्दशी का श्राद्ध, चौदस का श्राद्ध,

						सूर्य की कन्या संक्रान्ति 07:23 संध्या बजे, कन्या संक्रान्ति स्नान-दान का पुण्य काल 12:16 दोपहर से 06:25 दोपहर (6 घण्टे 09 मिनट),महापुण्य काल 04:22 दोपहर से 06:25 दोपहर(2 घण्टे 03 मिनट),
17	गुरु	आश्विन	कृष्ण	अमावस्या	16:29	स्नान-दान-श्राद्ध हेतु उत्तम आश्विनी अमावस्या, पितृविसर्जनी अमावस, सर्वपितृ श्राद्ध, आज अज्ञात मरण तिथिवाले पूर्वजों का श्राद्ध, नाती द्वारा नाना-नानी का श्राद्ध, अमावस्या पुण्यकाल सायं 04:29 बजे तक, महालया समाप्त, विश्वकर्मा पूजा
18	शुक्र	आश्विन (अधिक)	शुक्ल	प्रतिपदा	12:53	आश्विन (अधिक), नवीन चंद्र दर्शन, पुरुषोत्तम मास (अधिक मास या मल मास) प्रारंभ, विद्वानों के मत से इस मास में धर्मादि कार्य से अनंत पुण्यफल की प्राप्ति,
19	शनि	आश्विन (अधिक)	शुक्ल	द्वितीया-तृतीया	09:15 -29:47	तृतीया तिथि क्षय
20	रवि	आश्विन (अधिक)	शुक्ल	चतुर्थी	26:37	वैनायकी गणेश चतुर्थी व्रत (चं.अस्त.रा.08:38)
21	सोम	आश्विन (अधिक)	शुक्ल	पंचमी	23:55	-
22	मंगल	आश्विन (अधिक)	शुक्ल	षष्ठी	21:45	-
23	बुध	आश्विन (अधिक)	शुक्ल	सप्तमी -	20:13	-
24	गुरु	आश्विन (अधिक)	शुक्ल	अष्टमी	19:18	-
25	शुक्र	आश्विन (अधिक)	शुक्ल	नवमी	19:00	-
26	शनि	आश्विन (अधिक)	शुक्ल	दशमी	19:15	-
27	रवि	आश्विन (अधिक)	शुक्ल	एकादशी	20:00	पुरुषोत्तमी एकादशी व्रत, पद्मिनी एकादशी व्रत,
28	सोम	आश्विन (अधिक)	शुक्ल	द्वादशी	21:10	
29	मंगल	आश्विन (अधिक)	शुक्ल	त्रयोदशी	22:41	अधिक प्रदोष व्रत, भोम-प्रदोष व्रत,
30	बुध	आश्विन (अधिक)	शुक्ल	चतुर्दशी	24:30	मासिक शिवरात्रि व्रत,

सितम्बर 2020 -विशेष योग

कार्य सिद्धि योग			
04	दोपहर 11:29 से अगले दिन प्रात: 06:01 तक	14	प्रात: 06:06 से दोपहर 03:51 तक
06	प्रात: 06:03 से अगले दिन प्रात: 05:24 तक	15	प्रात: 05:56 से दोपहर 01:04 तक
08	सुबह 08:27 से अगले दिन प्रात: 06:03 तक	20	देर रात 01:22 से प्रात: 06:09 तक
09	प्रात: 06:04 से अगले दिन प्रात: 06:03 तक	21	रात 08:50 से अगले दिन प्रात: 06:10 तक
13	दोपहर 04:34 से अगले दिन प्रात: 06:05 तक	26	सुबह 07:28 से अगले दिन प्रात: 06:11 तक
त्रिपुष्कर योग (तीन गुना फल दायक)			
08	देर रात 12:03 से अगले दिन प्रात: 06:03 तक		
द्विपुष्कर योग (दोगुना फल दायक)			
19	प्रात: 06:09 से सुबह 09:10 तक	27	रात 08:51 से प्रात: 06:12 तक
विघ्नकारक भद्रा			
01	सुबह 09:37 से रात 10:12 तक	15	रात 11:00 से अगले दिन सुबह 09:32 तक
05	देर रात 03:29 से दोपहर 04:39 तक,	20	दोपहर 03:59 से देर रात: 26:26 तक,
09	देर रात 12:02 से दोपहर 01:08 तक,	23	रात 07:55 से अगले दिन सुबह 07:25 तक
12	दोपहर 04:23 से अगले दिन प्रात: 04:14 तक,	27	सुबह 07:19 से रात: 07:47 तक

योग फल :

- कार्य सिद्धि योग मे किये गये शुभ कार्य मे निश्चित सफलता प्राप्त होती हैं, एसा शास्त्रोक्त वचन हैं।
- त्रिपुष्कर योग में किये गये शुभ कार्यो का लाभ तीन गुना होता हैं। एसा शास्त्रोक्त वचन हैं।
- द्विपुष्कर योग में किये गये शुभ कार्यो का लाभ दोगुना होता हैं। एसा शास्त्रोक्त वचन हैं।
- शास्त्रोंक्त मत से विघ्नकारक भद्रा योग में शुभ कार्य करना वर्जित हैं।

दैनिक शुभ एवं अशुभ समय ज्ञान तालिका

वार	गुलिक काल (शुभ) समय अवधि	यम काल (अशुभ) समय अवधि	राहु काल (अशुभ) समय अवधि
रविवार	03:00 से 04:30	12:00 से 01:30	04:30 से 06:00
सोमवार	01:30 से 03:00	10:30 से 12:00	07:30 से 09:00
मंगलवार	12:00 से 01:30	09:00 से 10:30	03:00 से 04:30
बुधवार	10:30 से 12:00	07:30 से 09:00	12:00 से 01:30
गुरुवार	09:00 से 10:30	06:00 से 07:30	01:30 से 03:00
शुक्रवार	07:30 से 09:00	03:00 से 04:30	10:30 से 12:00
शनिवार	06:00 से 07:30	01:30 से 03:00	09:00 से 10:30

सितम्बर 2020 रवि योग

01	प्रात: 06:00 से दोपहर 04:38 तक	22	प्रात: 06:10 से संध्या 07:18 तक
08	सुबह 08:27 से अगले दिन प्रात: 06:02 तक	24	प्रात: 06:11 से अगले दिन प्रात: 06:11 तक
09	प्रात: 06:02 से दोपहर 11:15 तक	25	प्रात: 06:12 से अगले दिन प्रात: 06:12 तक
20	देर रात 01:22 से दिन 10:51 तक	26	प्रात: 06:12 से संध्या 07:25 तक
21	रात 08:50 से अगले दिन प्रात: 06:10 तक	27	देर रात 12:46 से अगले दिन रात 08:50 तक

सूर्यभाद्वेदगोतर्क दिग्विश्व नखसम्मिते ।

चन्द्रर्क्षे रवियोगाः स्युर्दोषसङ्घविनाशकाः

अर्थात: सूर्य के नक्षत्र से चन्द्रमा के नक्षत्र तक गिनती करने पर यदि यह 4, 6, 9, 10, 13, 20 (नक्षत्र क्रम से आगे हो) यह क्रम में कोई भी एक क्रम का नक्षत्र जिस दिन हो उस दिन **रवि योग** होता है। नक्षत्र का यह समय **रवि योग** का समय होता है।

सूर्य ग्रह सभी ग्रहों का राजा है। सौरमंडल में सबसे उर्जावान ग्रह सूर्य है जिस्से हमें प्रकाश एवं प्रत्यक्ष या परोक्ष रुपसे उर्जा जीवन उर्जा प्राप्त होती है। सूर्य को हिंदू धर्म में सूर्य को बहुत पवित्र देव माना जाता है एवं सूर्य की पूजा-उपासना की जाती है। नौ ग्रहों में सूर्य को श्रेष्ठ ग्रह माना जाता है।

- ❖ इस लिए रवि योग भी योगों में उत्तम एवं शुभफलदाय माना जाता है। यह रवि योग सभी प्रकार के दोषों एवं अशुभ प्रभावों को दूर करता है।
- ❖ यदि किसी दिन शुभ कार्य करना अनिवार्य हो एवं एवं उस दिन कोई शुभ मुहूर्त न हो तो शुभ कार्य **रवि योग** में कर सकते है।
- ❖ रवि योग में कार्यों में वांछित अफलता प्राप्त होती हैं इस लिए यह अत्यंत लाभदायक योग है।
- ❖ रवि योग के दिन भगवान सूर्य की पूजा करना उत्तम होता है।
- ❖ रवि योग के दिन सूर्य देवता को अर्घ्य देना भी विशेष लाभ होता है।
- ❖ रवि योग के दिन सूर्य मंत्र का जप करना विशेष लाभदायक होता है।
- ❖ रवि योग को सूर्य देव का वरदान प्राप्त है इस लिए यह अत्याधिक प्रभावशाली है।
- ❖ रवि योग में किए गए सभी शुभ कार्यों में किसी भी प्रकार के विघ्न एवं बाधाएं उत्पन्न नहीं होती है तथा कार्य में शीघ्र सफलता मिलती है।
- ❖ रवि योग में दूरस्थान की यात्राएं शुभफलदायक होती है।
- ❖ रवि योग में कर्ज मुक्ति के प्रसाय करने से कर्ज से शीध्र मुक्ति मिल सकती है।
- ❖ रवि योग में स्वास्थ्य वृद्धि के सभी प्रकार के प्रयास अथवा शल्य चिकित्सा उत्तम होती है।
- ❖ रवि योग में लंबे समय से रुके हुए कार्य को पूर्ण करने का प्रयास भी विशेष लाभदाय सिद्ध होता है।

दिन के चौघडिये

समय	रविवार	सोमवार	मंगलवार	बुधवार	गुरुवार	शुक्रवार	शनिवार
06:00 से 07:30	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चल	काल
07:30 से 09:00	चल	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ
09:00 से 10:30	लाभ	शुभ	चल	काल	उद्वेग	अमृत	रोग
10:30 से 12:00	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चल	काल	उद्वेग
12:00 से 01:30	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चल
01:30 से 03:00	शुभ	चल	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ
03:00 से 04:30	रोग	लाभ	शुभ	चल	काल	उद्वेग	अमृत
04:30 से 06:00	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चल	काल

रात के चौघडिये

समय	रविवार	सोमवार	मंगलवार	बुधवार	गुरुवार	शुक्रवार	शनिवार
06:00 से 07:30	शुभ	चल	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ
07:30 से 09:00	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चल	काल	उद्वेग
09:00 से 10:30	चल	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ
10:30 से 12:00	रोग	लाभ	शुभ	चल	काल	उद्वेग	अमृत
12:00 से 01:30	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चल
01:30 से 03:00	लाभ	शुभ	चल	काल	उद्वेग	अमृत	रोग
03:00 से 04:30	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चल	काल
04:30 से 06:00	शुभ	चल	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ

शास्त्रोक्त मत के अनुसार यदि किसी भी कार्य का प्रारंभ शुभ मुहूर्त या शुभ समय पर किया जाये तो कार्य में सफलता प्राप्त होने कि संभावना ज्यादा प्रबल हो जाती हैं। इस लिये दैनिक शुभ समय चौघड़िया देखकर प्राप्त किया जा सकता हैं।

नोट: प्रायः दिन और रात्रि के चौघड़िये कि गिनती क्रमशः सूर्योदय और सूर्यास्त से कि जाती हैं। प्रत्येक चौघड़िये कि अवधि 1 घंटा 30 मिनिट अर्थात डेढ़ घंटा होती हैं। समय के अनुसार चौघड़िये को शुभाशुभ तीन भागों में बांटा जाता हैं, जो क्रमशः शुभ, मध्यम और अशुभ हैं।

चौघडिये के स्वामी ग्रह

शुभ चौघडिया		मध्यम चौघडिया		अशुभ चौघड़िया	
चौघडिया	स्वामी ग्रह	चौघडिया	स्वामी ग्रह	चौघडिया	स्वामी ग्रह
शुभ	गुरु	चर	शुक्र	उद्वेग	सूर्य
अमृत	चंद्रमा			काल	शनि
लाभ	बुध			रोग	मंगल

* हर कार्य के लिये शुभ/अमृत/लाभ का चौघड़िया उत्तम माना जाता हैं।

* हर कार्य के लिये चल/काल/रोग/उद्वेग का चौघड़िया उचित नहीं माना जाता।

दिन कि होरा - सूर्योदय से सूर्यास्त तक												
वार	1.घं	2.घं	3.घं	4.घं	5.घं	6.घं	7.घं	8.घं	9.घं	10.घं	11.घं	12.घं
रविवार	सूर्य	शुक्र	बुध	चंद्र	शनि	गुरु	मंगल	सूर्य	शुक्र	बुध	चंद्र	शनि
सोमवार	चंद्र	शनि	गुरु	मंगल	सूर्य	शुक्र	बुध	चंद्र	शनि	गुरु	मंगल	सूर्य
मंगलवार	मंगल	सूर्य	शुक्र	बुध	चंद्र	शनि	गुरु	मंगल	सूर्य	शुक्र	बुध	चंद्र
बुधवार	बुध	चंद्र	शनि	गुरु	मंगल	सूर्य	शुक्र	बुध	चंद्र	शनि	गुरु	मंगल
गुरुवार	गुरु	मंगल	सूर्य	शुक्र	बुध	चंद्र	शनि	गुरु	मंगल	सूर्य	शुक्र	बुध
शुक्रवार	शुक्र	बुध	चंद्र	शनि	गुरु	मंगल	सूर्य	शुक्र	बुध	चंद्र	शनि	गुरु
शनिवार	शनि	गुरु	मंगल	सूर्य	शुक्र	बुध	चंद्र	शनि	गुरु	मंगल	सूर्य	शुक्र
रात कि होरा – सूर्यास्त से सूर्योदय तक												
रविवार	गुरु	मंगल	सूर्य	शुक्र	बुध	चंद्र	शनि	गुरु	मंगल	सूर्य	शुक्र	बुध
सोमवार	शुक्र	बुध	चंद्र	शनि	गुरु	मंगल	सूर्य	शुक्र	बुध	चंद्र	शनि	गुरु
मंगलवार	शनि	गुरु	मंगल	सूर्य	शुक्र	बुध	चंद्र	शनि	गुरु	मंगल	सूर्य	शुक्र
बुधवार	सूर्य	शुक्र	बुध	चंद्र	शनि	गुरु	मंगल	सूर्य	शुक्र	बुध	चंद्र	शनि
गुरुवार	चंद्र	शनि	गुरु	मंगल	सूर्य	शुक्र	बुध	चंद्र	शनि	गुरु	मंगल	सूर्य
शुक्रवार	मंगल	सूर्य	शुक्र	बुध	चंद्र	शनि	गुरु	मंगल	सूर्य	शुक्र	बुध	चंद्र
शनिवार	बुध	चंद्र	शनि	गुरु	मंगल	सूर्य	शुक्र	बुध	चंद्र	शनि	गुरु	मंगल

होरा मुहूर्त को कार्य सिद्धि के लिए पूर्ण फलदायक एवं अचूक माना जाता हैं, दिन-रात के २४ घंटों में शुभ-अशुभ समय को समय से पूर्व ज्ञात कर अपने कार्य सिद्धि के लिए प्रयोग करना चाहिये।

विद्वानो के मत से इच्छित कार्य सिद्धि के लिए ग्रह से संबंधित होरा का चुनाव करने से विशेष लाभ प्राप्त होता हैं।

- सूर्य कि होरा सरकारी कार्यो के लिये उत्तम होती हैं।
- चंद्रमा कि होरा सभी कार्यों के लिये उत्तम होती हैं।
- मंगल कि होरा कोर्ट-कचेरी के कार्यो के लिये उत्तम होती हैं।
- बुध कि होरा विद्या-बुद्धि अर्थात पढाई के लिये उत्तम होती हैं।
- गुरु कि होरा धार्मिक कार्य एवं विवाह के लिये उत्तम होती हैं।
- शुक्र कि होरा यात्रा के लिये उत्तम होती हैं।
- शनि कि होरा धन-द्रव्य संबंधित कार्य के लिये उत्तम होती हैं।

इंदिरा एकादशी व्रत 13-सितम्बर-2020 (रविवार)

संकलन गुरुत्व कार्यालय

इंदिरा एकादशी व्रत कथा

आश्विन : कृष्ण एकादशी

एक बार युधिष्ठिर भगवान श्रीकृष्ण से पूछते हैं, हे भगवान! आश्विन कृष्ण एकादशी का क्या नाम है? इसमें किस देवता की पूजा की जाती है और इसका व्रत करने से क्या फल मिलता है ?" व्रत करने की विधि तथा इसका माहात्म्य कृपा करके कहिए। भगवान श्रीकृष्ण कहने लगे कि इस एकादशी का नाम **इंदिरा एकादशी** है। यह एकादशी पापों को नष्ट करने वाली तथा पितरों को अधोगति से मुक्ति देने वाली होती है। हे राजन! ध्यानपूर्वक इसकी कथा सुनो। इसके सुनने मात्र से ही वायपेय यज्ञ का फल मिलता है।

प्राचीनकाल में सतयुग के समय में महिष्मति नाम की एक नगरी में इंद्रसेन नाम का एक प्रतापी राजा धर्मपूर्वक अपनी प्रजा का पालन करते हुए शासन करता था। वह राजा पुत्र, पौत्र और धन आदि से संपन्न और विष्णु का परम भक्त था। एक दिन जब राजा सुखपूर्वक अपनी सभा में बैठा था तो आकाश मार्ग से महर्षि नारद उतरकर उसकी सभा में पधारे। राजा उन्हें देखते ही हाथ जोड़कर खड़ा हो गया और विधिपूर्वक आसन व अर्घ्य दिया।

इंदिरा एकादशी

आनंद पूर्वक बैठकर नारदजी ने राजा से पूछा कि हे राजन! आपके सातों अंग कुशलपूर्वक तो हैं? तुम्हारी बुद्धि धर्म में और तुम्हारा मन विष्णु भक्ति में तो रहता है? देवर्षि नारद की ऐसी बातें सुनकर राजा ने कहा- हे महर्षि! आपकी कृपा से मेरे राज्य में सब कुशल-मंगल है तथा मेरे यहाँ यज्ञ कर्मादि सुकृत हो रहे हैं। आप कृपा करके अपने आगमन का कारण बताए। तब ऋषि कहने लगे कि हे राजन! आप आश्चर्य देने वाले मेरे वचनों को सुनो।

मैं एक समय ब्रह्मलोक से यमलोक को गया, वहाँ श्रद्धापूर्वक यमराज से पूजित होकर मैंने धर्मशील और सत्यवान धर्मराज की प्रशंसा की। उसी यमराज की सभा में महान ज्ञानी और धर्मात्मा तुम्हारे पिता को एकादशी का व्रत भंग होने के कारण देखा। उन्होंने संदेशा भेजा हैं, जो मैं तुम्हें कहता हूँ। उन्होंने कहा कि पूर्व जन्म में कोई

विघ्न हो जाने के कारण मैं यमराज के निकट रह रहा हूँ, सो हे पुत्र यदि तुम आश्विन कृष्णा इंदिरा एकादशी का व्रत मेरे निमित्त करो तो मुझे स्वर्ग की प्राप्ति हो सकती है।

इतना सुनकर राजा कहने लगा कि हे महर्षि आप इस व्रत की विधि मुझसे कहिए। नारदजी कहने लगे- आश्विन माह की कृष्ण पक्ष की दशमी के दिन प्रात:काल स्नानादि से निवृत्त होकर पुन: दोपहर को नदी आदि में जाकर स्नान करें।

फिर श्रद्धापूर्व पितरों का श्राद्ध करें और एक बार भोजन ग्रहण करें। प्रात:काल होने पर एकादशी के दिन दातून आदि करके स्नान करें, फिर व्रत के नियमों को भक्तिपूर्वक ग्रहण करता हुआ प्रतिज्ञा करें कि 'मैं आज संपूर्ण भोगों को त्याग कर निराहार एकादशी का व्रत करूँगा।

हे प्रभु! हे पुंडरीकाक्ष! मैं आपकी शरण हूँ, आप मेरी रक्षा कीजिए, इस प्रकार नियमपूर्वक शालिग्राम की मूर्ति के आगे विधिपूर्वक श्राद्ध करके योग्य ब्राह्मणों को फलाहार का भोजन कराएँ और दक्षिणा दें। पितरों के श्राद्ध से जो बच जाए उसको सूँघकर गौ को दें तथा धूप, दीप, गंध, पुष्प, नैवेद्य आदि सब सामग्री से ऋषिकेश भगवान का पूजन करें।

रात में भगवान के निकट जागरण करें। इसके पश्चात द्वादशी के दिन प्रात:काल होने पर भगवान का पूजन करके ब्राह्मणों को भोजन कराएँ। भाई-बंधुओं, स्त्री और पुत्र सहित आप भी मौन होकर भोजन करें। नारदजी कहने लगे कि हे राजन! इस विधि से यदि तुम आलस्य रहित होकर इस एकादशी का व्रत करोगे तो तुम्हारे पिता अवश्य ही स्वर्गलोक को जाएँगे। इतना कहकर नारदजी अंतर्ध्यान हो गए।

नारदजी के कथनानुसार राजा द्वारा अपने बाँधवों तथा दासों सहित व्रत करने से आकाश से पुष्पवर्षा हुई और उस राजा का पिता गरुड़ पर चढ़कर विष्णुलोक को गया। राजा इंद्रसेन भी एकादशी के व्रत के प्रभाव से निष्कंटक राज्य करके अंत में अपने पुत्र को सिंहासन पर बैठाकर स्वर्गलोक को गया।

हे युधिष्ठिर! यह इंदिरा एकादशी के व्रत का माहात्म्य मैंने तुमसे कहा। इसके पढ़ने और सुनने से मनुष्य सब पापों से छूट जाते हैं और सब प्रकार के भोगों को भोगकर बैकुंठ को प्राप्त होते हैं।

पद्मिनी एकादशी व्रत 27-सितम्बर-2020 (रविवार)

संकलन गुरुत्व कार्यालय

पद्मिनी एकादशी व्रत कथा

अधिक (मल या पुरुषोत्तम या लौंद) मास : शुक्ल एकादशी

अर्जुन ने भगवान श्रीकृष्ण से पूछते हैं, हे भगवान! अधिक मास शुक्ल पक्ष की एकादशी का क्या नाम है? इसमें किस देवता की पूजा की जाती है और इसका व्रत करने से क्या फल मिलता है ? व्रत करने की विधि तथा इसका माहात्म्य कृपा करके कहिए। भगवान श्रीकृष्ण कहने लगे कि इस एकादशी का नाम **पद्मिनी एकादशी** है। यह अनेक प्रकार के पापों को नष्ट करने वाली तथा मुक्ति प्रदान करने वाली है तथा व्रत के प्रताप से मनुष्य विष्णुलोक को जाता है। हे पार्थ! ध्यानपूर्वक इसकी कथा सुनो!

व्रत की विधि

पद्मिनी एकादशी व्रत के निमित्त दशमी के दिन से ही व्रत को शुरु कर देना चाहिए। इस दिन मांसाहार, मसूर, चना, कोदों, शहद, शाक और किसी अन्य द्वारा दिया गया अन्न, इन सब खाद्य पदार्थों का त्याग करना चाहिए। कांसे के पात्र का प्रयोग वर्जित है। अतः दिन बीना नमक का हविष्य भोजन करना चाहिए। दशमी के दिन ब्रह्मचर्य का पालन करते हुए रात्रि को भूमि पर शयन करना चाहिए।

एकादशी के दिन प्रातः नित्यकर्म से निवृत्त होकर पुण्य क्षेत्र में स्नान करने के लिए जाना चाहिए। स्नान करने से पहले शरीर में मिट्टी लगाते हुए प्रार्थना करनी चाहिए। कि हे मृत्तिके! मैं तुमहें नमस्कार करता हूं। तुम्हारे स्पर्श से मेरा शरीर पवित्र हो। समस्त औषधियों से उत्पन्न हुई तथा पृथ्वी को पवित्र करने वाली, तुम मुझे शुद्ध करो । ब्रह्मा के थूक से उत्पन्न होने वाली ! तुम मेरे शरीर को छूकर मुझे पवित्र करो । हे शंख-चक्र-गदा धारी देवों के देव श्रीजगन्नाथ ! आप मुझे स्नान के लिए आज्ञा दीजिये। उसके बाद में स्नान हेतु गोबर, मृत्तिका, तिल, कुश तथा आमलकी चूर्ण का उपयोग कर से विधि पूर्वक स्नान करना चाहिए।

पुण्य क्षेत्र में जाने की सुविधा न हो तो वरुण मंत्र को जपकर उनका स्मरण करते हुए किसी तालाब में स्नान करना चाहिए। स्नान करने के उपरांत स्वच्छ सुंदर वस्त्र धारण करके तथा विधि-पूर्वक संध्या, तर्पण करके मंदिर में जाके भगवान का धूप, दीप, नैवेद्य, पुष्प, केशर आदि से पूजन करना चाहिए। पूजाके उपरान्त भगवान के सम्मुख नृत्य-गान आदि करना चाहिए। भगवान के सामने पुराण की कथा सुननी चाहिए।

इंदिरा एकादशी

पद्मिनी एकादशी का व्रत निर्जल करना चाहिए। यदि कोई निर्जल तथा निराहार रहने असमर्थ हो तो उसे केवल जलपान या अल्पाहार करके व्रत करना चाहिए। रात्रि में जागरण करके नृत्य-गान आदि करके भगवान का स्मरण करते रहना चाहिए। हर पहर में भगवान या महादेवजी की पूजा करनी चाहिए।

प्रथम पहर में भगवान् को नारियल, दूसरे पहर में बिल्वफल(बेल), तीसरे पहर में सीताफल और चौथे पहर में सुपारी, नारंगी अर्पण करनी चाहिए। इससे प्रथम पहर का अग्नि होम के समान, दूसरे पहर का वाजपेय यज्ञ के समान, तीसरे पहर का अश्वमेध यज्ञ के समान और चौथे पहर का राजसूय यज्ञ के समान फल मिलता है।

पद्मिनी एकादशी से बढ़कर संसार में अन्य कोई यज्ञ, तप, दान या पुण्य नहीं है। पद्मिनी एकादशी का व्रत करने से व्यक्ति को समस्त तीर्थ और यज्ञों का फल मिल जाता है। इस प्रकार से सूर्योदय तक जागरण

करना चाहिए। प्रातः नित्यकर्म एवं स्नान आदि से निवृत्त होकर ब्राह्मणों को भोजन कराना चाहिए। इस प्रकार जो व्यक्ति विधि-पूर्वक भगवान का पूजान तथा व्रत करते हैं, उनका जन्म सफल हो जाता है। व्यक्ति जीवन में अनेक सुखों को भोगकर अन्त में भगवान विष्णु के परमधाम को जाते हैं।

हे पार्थ! मैंने तुम्हें पद्मिनी एकादशी के व्रत का पूरा विधान बता दिया। अब जो पहले पद्मिनी एकादशी का भक्तिपूर्वक व्रत कर चुके हैं, उनकी कथा को कहता हूँ, तूम ध्यानपूर्वक सुनो।, यह कथा पुलस्त्यजी ने नारदजी से कही थी।

एक समय कार्तवीर्य ने रावण को अपने बंदीगृह में बन्द कर लिया था। उसे मुनि पुलस्त्य ने कार्तवीर्य से छुड़ाया था। इस घटना को सुनकर नारदजी ने पुलस्त्यजी से पूछा हे महाराज ! उस मायावी रावण को, जिसने समस्त देवताओं सहित इन्द्र को भी जीत लिया था, उसे कार्तवीर्य ने किस प्रकार जीता, सो आप मुझे बताये।

पुलस्त्यजी बोले हे नारदजी! आप संपूर्ण वृत्तांत सुनो त्रेतायुग में महिष्मती नामक नगरी में एक राजा राज्य करता था। उस राजा की सौ स्त्रियां थीं, उसमें से किसी को भी राज्य भार संभालने के लिए योग्य पुत्र नहीं था। इसलिए राजा ने आदर पूर्वक नगर के पण्डितों को बुलवाया और पुत्र की प्राप्ति के लिए यज्ञ किये, परन्तु सब असफल रहे। जिस प्रकार दुःखी मनुष्य को उत्तम भोग भी नीरस मालूम पड़ते हैं, उसी प्रकार राजा को भी अपना राज्य पुत्र बिना दुःखमय प्रतीत होता था। अन्त में वह तप के द्वारा ही सिद्धियों की प्राप्ति होती हैं यह जानकर तपस्या करने के लिए वन में चला गया।

उसकी स्त्री प्रमदा भी वस्त्र अलंकारों को त्याग कर अपने पति के साथ गन्धमादन पर्वत पर चली गई। उस स्थान पर इन लोगों ने दस हजार वर्ष तक तपस्या की लेकिन फिर भी सिद्धि प्राप्त न हो सकी। अब राजा के शरीर में केवल हडिडयां रह गईं। यह देख कर प्रमदा ने विनय सहित महासती अनसूयाजी से पूछा मेरे पतिदेव को तपस्या करते हुए दस हजार वर्ष बीत गये, परन्तु अभी तक भगवान प्रसन्न नहीं हुए हैं, जिससे मुझे पुत्र प्राप्त हो। कृपया उपाय बताइये।

अनसूयाजी बोली कि अधिक मास में दो एकादशी होती हैं। इसमें शुक्ल पक्ष की एकादशी का नाम **पद्मिनी** और कृष्ण पक्ष की एकादशी का नाम परमा है। उसके व्रत और जागरण करने से भगवान तुम्हें अवश्य ही पुत्र देंगे।

फिर अनसूयाजी ने व्रत की संपूर्ण विधि बतलाई। रानी ने अनसूया की बतलाई विधि के अनुसार एकादशी का व्रत और रात्रि में जागरण किया। इससे भगवान विष्णु उस पर बहुत प्रसन्न हुए और वरदान मांगने के लिए कहा। रानी ने कहा आप यह वरदान मेरे पति को दीजिए।

प्रमदा का वचन सुनकर भगवान् विष्णु बोले हे प्रमदे! अधिक मास मुझे बहुत प्रिय है। उसमें भी एकादशी तिथि मुझे सबसे अधिक प्रिय है। इस एकादशी का व्रत तथा रात्रि जागरण तुमने संपूर्ण विधि-पूर्वक किया है। इसलिए मैं तुम पर अत्यन्त प्रसन्न हूं।

भगवान विष्णु पुनः बोले हे राजेन्द्र! तुम अपनी इच्छा के अनुसार वर मांगो। क्योंकि तुम्हारी स्त्री ने मुझको प्रसन्न किया है।

भगवान की मधुर वाणी सुनकर राजा बोला हे भगवन् ! आप मुझे सबसे श्रेष्ठ, सबके द्वारा पूजित तथा आपके अतिरिक्त देव, दानव, मनुष्य आदि से अजेय उत्तम पुत्र दीजिए।

भगवान विष्णु तथास्तु कहकर अन्तर्धान हो गये। उसके बाद वे दोनों अपने राज्य को वापस आ गये। उन्हीं के यहां कार्तवीर्य उत्पन्न हुए थे। वह भगवान के अतिरिक्त सबसे अजेय थे। इसलिए इन्हों ने रावण को जीत लिया था। यह सब **पद्मिनी** के व्रत का प्रभाव था। इतना कहकर पुलस्त्यजी वहां से चले गये।

भगवान बोले हे अर्जुन! मैंने अधिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी का व्रत कहा है।

जो मनुष्य इस व्रत को विधि-पूर्वक करता है, वह विष्णु लोक में जाता है।

सूतजी बोले हे महर्षियो जो मनुष्य इसकी कथा को सुनेंगे वे स्वर्ग लोक को जाएंगे।

अधिक मास का धार्मिक महत्व

चिंतन जोशी

भारतीय पंचांग (खगोलीय गणना) के अनुसार हर तीसरे वर्ष एक अधिक मास होता है। यह सौर और चंद्र मास को एक समान लाने की गणितीय प्रक्रिया है। शास्त्रोंक्त मतानुशार पुरुषोत्तम मास में किए गए जप, तप, दान से अनंत पुण्यों की प्राप्ति होती है। सूर्य की बारह संक्रांति होती हैं और इसी आधार पर हमारे चंद्र पर आधारित 12 माह होते हैं। हर तीन वर्ष के अंतराल पर अधिक मास या मलमास आता है।

शास्त्रों में उल्लेख हैं:

यस्मिन चांद्रे न संक्रान्तिः सो अधिमासो निगह्यते
तत्र मंगल कार्यानि नैव कुर्यात कदाचन्।
यस्मिन मासे द्वि संक्रान्ति क्षयः मासः स कथ्यते
तस्मिन शुभाणि कार्याणि यत्नतः परिवर्जयेत।।

कार्तिक, मार्ग व पौस मासों में होता है। जिस वर्ष क्षय मास पड़ता है, उसी वर्ष अधि-मास भी पड़ता है परन्तु यह स्थिति 19 वर्षों या 141 वर्षों के पश्चात् आती है।

पंचांग में अधिक मास क्या हैं?

विद्वानो के मतानुशार एक सौर वर्ष और चांद्र वर्ष के बिच में सामंजस्य स्थापित करने के लिए हर तीसरे वर्ष पंचांगों में एक चान्द्रमास की वृद्धि होती है। इसी को अधिक मास या अधिमास या मलमास कहते हैं। सौर वर्ष का मान 365 दिन, 15 घड़ी, 22 पल और 57 विपल हैं। जबकि चांद्रवर्ष 354 दिन, 22 घड़ी, 1 पल और 23 विपल का होता है। इस प्रकार दोनों वर्षमानों में प्रतिवर्ष 10 दिन, 53 घटी, 21 पल (अर्थात लगभग 11 दिन) का अन्तर पड़ता है। इस अन्तर में समानता लाने के लिए चांद्रवर्ष 12 मासों के स्थान पर 13 मास का हो जाता है। वास्तव में यह स्थिति स्वयं ही उत्पन्न हो जाती है, क्योंकि जिस चंद्रमास में सूर्य संक्रांति नहीं पड़ती, उसी को अधिक मास की संज्ञा दे दी जाती है तथा जिस चंद्रमास में दो सूर्य संक्रांति का समावेश हो जाय, उसे क्षयमास कहाँ जाता है। प्रायः क्षयमास

18 सितम्बर

अधिक मास के संदर्भ में विभिन्न मत

- अधिक मास को कई नामों से जाना जाता है - अधिमास, मलमास, पुरुषोत्तममास, मलिम्लुच, संसर्प, अंहस्पति या अंहसस्पति। इनकी व्याख्या आवश्यक है। यह स्पष्ट है कि बहुत प्राचीन काल से अधिक मास अशुभ ठहराये गए हैं।
- ऐतरेय ब्राह्मण में उल्लेख हैं की देवों ने सोम की लता 13वें मास में ख़रीदी, जो व्यक्ति इसे बेचता है वह पतित है, 13वाँ मास फलदायक नहीं होता।
- तैतरीय संहिता में 13 वें मास को संसर्प एवं अंहस्पति कहा गया है।
- ऋग्वेद के अनुशार अंहस् का अर्थ पाप बताया गया है। यह अतिरिक्त मास है, अतः अधिमास या अधिक मास नाम पड़ गया है। इसे मलमास इसलिए कहा जाता है कि मानों यह काल का मल है।

- अथर्ववेद में मलिम्लुच बताया गया है, लेकिन इसका अर्थ स्पष्ट नहीं है।
- काठसंहिता में अधिक मास का उल्लेख किया गया है।
- पश्चात्कालीन साहित्य में मलिम्लुच का अर्थ है चोर बताया गया हैं।
- मलमासतत्त्व में यह व्युत्पत्ति हैः मली सन् म्लोचति गच्छतीति मलिम्लुचः
- अर्थात् मलिन (गंदा) होने पर यह आगे बढ़ जाता है।
- संसर्प एवं अंहसस्पति शब्द का वर्णन वाजसनेयी संहिता में तथा अंहसस्पतिय वाजसनेयी संहिता में मिलता हैं।
- अंहसस्पति का शाब्दिक अर्थ है पाप का स्वामी।
- पौराणिक गंथों में संसर्प एवं अंहसस्पति के अंतर को स्पष्ट शब्दों में विभाजित किया गया हैं। जब एक वर्ष में दो अधिमास हों और एक क्षय मास हो तो दोनों अधिमासों में प्रथम संसर्प कहा जाता है और यह विवाह को छोड़कर अन्य धार्मिक कृत्यों के लिए अशुभ माना जाता है।
- अंहसस्पति क्षय मास तक सीमित है। कुछ पुराणों में गंथकारों ने अधिमास को पुरुषोत्तम मास कहा है और सम्भव है, अधिमास की अशुभता को कम करने के लिए ऐसा नाम दिया गया हैं, क्योकि भगवान विष्णु को पुरुषोत्तम कहा जाता हैं।
- विभिन्न ग्रन्थों में अधिमास के विषय विभिन्न जानकारीया प्राप्त होती है-
- अधिमास में वर्जित कार्य के संदर्भ में अग्नि पुराण में उल्लेख किया गया है वैदिक पद्धति से अग्नि को प्रज्वलित करना, मूर्ति प्रतिष्ठा, यज्ञ, दान, व्रत, संकल्प के साथ वेद-पाठ, साँड़ छोड़ना (वृषोत्सर्ग), चूड़ाकरण, उपनयन, नामकरण, अभिषेक आदि कार्य अधिमास में नहीं करने चाहिए।
- हेमाद्रि में वर्जित एवं मान्य कृत्यों का उल्लेख करते हुए कहां हैं
- मलमास में नित्य कर्मों एवं नैमितिक कर्मों (कुछ विशिष्ट अवसरों पर किए जाने वाले कर्मों) को सुचारु रुप से करते रहना चाहिए, यथा सन्ध्या, पूजा, पंचमहायज्ञ (ब्रह्मयज्ञ, वैश्वदेव आदि), अग्नि में हवि डालना (अग्निहोत्र के रूप में), ग्रहण-स्नान नैमित्तिक है, अन्त्येष्टि कर्म भी आकस्मिक अर्थात नैमित्तिक हैं। यदि शास्त्र कहता है कि यह कृत्य (यथा सोम यज्ञ) नहीं करना चाहिए तो उसे अधिमास में स्थगित कर देना चाहिए।
- यह भी सामान्य नियम है कि काम्य कर्म(जो नित्य नहीं किया जाता, जो केवल किसी फल की प्राप्ति के लिए किया जाता है) उसे नहीं करना चाहिए। कुछ अपवाद भी हैं, यथा कुछ कर्म, जो कर्म अधिमास के पूर्व ही आरम्भ हो गए हों (यथा 12 दिनों वाला प्राजापत्य प्रायश्चित, एक मास वाला चन्द्रायण व्रत), अधिमास तक भी चलाए जा सकते हैं। यदि दुर्भिक्ष हो, वर्षा न हो रही हो तो उसके लिए कारीरी इष्टि अधिमास में करना वर्जित नहीं है, क्योंकि ऐसा न करने से हानि हो जाने की सम्भावना रहती है। इस का विवरण कालनिर्णय-कारिका में वर्णित हैं।
- कुछ जानकारों का कथ हैं की मलमास की प्रतिदिन या कम से कम एक दिन ब्राह्मणों को 33 अपूपों (पूओं) का दान करना चाहिए।

- वापी एवं तड़ाग (बावली एवं तलाब) खुदवाना, कूप बनवाना, यज्ञ कर्म, महादान एवं व्रत जैसे कर्म को केवल शुद्ध मासों में ही करना चाहिए।
- गर्भ का कृत्य (पुंसवन जैसे संस्कार), ब्याज लेना, पारिश्रमिक देना, मास-श्राद्ध (अमावस्या पर), आह्निक दान, अन्त्येष्टि क्रिया, नव-श्राद्ध, मघा नक्षत्र की त्रयोदशी पर श्राद्ध, सोलह श्राद्ध, चान्द्र एवं सौर ग्रहणों पर स्नान, नित्य एवं नैमित्तिक कृत्य होने के कारण यह कर्म अधिमास एवं शुद्ध मास, दोनों में किए जा सकते हैं,

अधिक मास में किये जाने वाले कर्म

इस माह में व्रत, दान, पूजा, हवन, ध्यान करने से पाप कर्म समाप्त हो जाते हैं और किए गए पुण्यों का फल कई गुणा अधिक प्राप्त होता है। देवी भागवत पुराण में उल्लेख हैं की मलमास में किए गये सभी शुभ कर्मो का फल अनंत गुना प्राप्त होता है। इस माह में भागवत कथा श्रवण करने का विशेष महत्व है। पुरुषोत्तम मास में तीर्थ स्थलों पर स्नान का भी विशेष महत्त्व है।

पुरुषोत्तम मास में शुभ कार्य वर्जित क्यों?

हिन्दु पंचांग में तिथि, वार, नक्षत्र एवं योग के अतिरिक्त सभी मास के कोई न कोई देवता या स्वामी हैं, परंतु मलमास या अधिक मास का कोई स्वामी नहीं होता, अतः इस माह में सभी प्रकार के मांगलिक कार्य, शुभ एवं पितृ कार्य वर्जित माने जाते हैं।

पुराण में वर्णित पुरुषोत्तम मास का नाम करण

अधिक मास स्वामी के ना होने पर विष्णुलोक पहुंचे और भगवान श्रीहरि से अनुरोध किया कि सभी माह अपने स्वामियों के आधिपत्य में हैं और उनसे प्राप्त अधिकारों के कारण वे स्वतंत्र एवं निर्भय रहते हैं। एक मैं ही भाग्यहीन हूँ जिसका कोई स्वामी नहीं है, अतः हे प्रभु मुझे इस पीड़ा से मुक्ति दिलाइए। अधिक मास की प्रार्थना को सुनकर श्री हरि ने कहा हे मलमास मेरे अंदर जितने भी सद्गुण हैं वह मैं तुम्हें प्रदान कर रहा हूं और मेरा विख्यात नाम पुरुषोत्तम मैं तुम्हें दे रहा हूं और तुम्हारा मैं ही स्वामी हूं। तभी से मलमास का नाम पुरुषोत्तम मास हो गया और भगवान श्री हरि की कृपा से ही इस मास में भगवान का कीर्तन, भजन, दान-पुण्य करने वाले मृत्यु के पश्चात श्री हरि धाम को प्राप्त होते हैं।

शास्त्रोंक्त मत

असन्क्रान्तिमासोऽधिमासः स्फुटः स्याद्
द्विसन्क्रन्तिमासः क्षयाख्यः कदाचित् । (ज्योतिःशास्त्र)

द्वात्रिंशद्भिर्गतैर्मासैर्दिनैः षोडशभिस्तथा ।
घटिकानां चतुष्केण पतति ह्यधिमासकः ॥
(वसिष्ठसिद्धान्त)

वरुणः सूर्यो भानुस्तपनश्चण्डो रविर्गभस्तिश्च ।
अर्यमहिरण्यरेतोदिवाकरा मित्रविष्णू च ॥ (ज्योतिःशास्त्र)

न कुर्यादधिके मासि काम्यं कर्म कदाचन । (स्मृत्यन्तर)

वाप्यारामतडागकूपभवनारम्भप्रतिष्ठे व्रता
रम्भोत्सर्गवधूप्रवेशनमहादानानि सोमाष्टके ।
गोदानाग्रयणप्रपाप्रथमकोपाकर्मवेदव्रतं
नीलोद्वाहमथातिपन्नशिशुसंस्कारान् सुरस्थापनम् ॥
दीक्षोमौञ्जिविवाहमुण्डनमपूर्वं देवतीर्थेक्षणं
संन्यासाग्निपरिग्रहौ नृपतिसंदर्शाभिषेकौ गमम् ।
चातुर्मास्यसमावृती श्रवणयोर्वेधं परीक्षां त्यजेद्
वृद्धत्वास्तशिशुत्व इज्यसितयोर्न्यूनाधिमासे तथा ॥
(मुहूर्तचिन्तामणि)

धर्मग्रंथों में वर्णित अधिक (पुरुषोत्तम) मास में त्याज्य कर्म

धर्मग्रंथों में अधिक मास में फल-प्राप्ति की कामना से किए जाने वाले समस्त नैमित्तिक कर्म वर्जित कहे गए हैं। जिसमें विवाह, मुण्डन, यज्ञोपवीत, गृह-प्रवेश, गृहारम्भ, नये व्यापार का शुभारंभ, नववधु का प्रवेश, दीक्षा-ग्रहण, देव-प्रतिष्ठा, सकाम यज्ञादि का अनुष्ठान, अष्टका श्राद्ध तथा बहुमूल्य वस्तु, भूमि, आभूषण, वस्त्र, गाड़ी आदि का खरीदना अर्थात् समस्त काम्य **(सांसारिक)** कर्मों का निषेध किया गया है। अधिक मास में केवल भगवान पुरुषोत्तम **(श्रीहरि)** की प्रसन्नता के लिए किये जाने वाले निष्काम भाव के व्रत, उपवास,

स्नान, दान या पूजनादि किए जाते हैं। अधिक मास में पुरुषोत्तम-माहात्म्य का पाठ, भगवान् विष्णु अथवा श्रीकृष्ण की उपासना, जप, व्रत, दानादि कृत्य करना चाहिए।

महर्षि वाल्मीकि के अनुसार पुरुषोत्तम मास में गेहूं, चावल, मूंग, जौ, मटर, तिल, ककड़ी, बथुआ, कटहल, केला, घी, आम, जीरा, सोंठ, सुपारी, इमली, आंवला, सेंधानमक आदि का सेवन करना चाहिए।

परन्तु यह ध्यान रहे कि पुरुषोत्तम मास में उड़द, राई, प्याज, लहसुन, गाजर, मूली, गोभी, दाल, शहद, तिल का तेल, तामसिक भोजन, पराया अन्न, मसाला-तम्बाकू, मदिरा सर्वथा त्याग दें। केवल एक समय सात्विक भोजन, नित्य भजन-संकीर्तन तथा यथासम्भव भूमि पर शयन करना चाहिए।

विद्वानो नें अधिक मास में वर्जित कृत्यों को विस्तार से बताते हुए कहां हैं की जो पहले कभी न देखे हुए देव और तीर्थोंका निरीक्षण, संन्यास, अग्निपरिग्रह (अग्निका स्थायी स्थापन); राजाके दर्शन, अभिषेक, प्रथम यात्रा, चातुर्मासीय व्रतोंका प्रथमारम्भ, कर्ण-वेध और परीक्षा ये सब काम अधिमासमें और गुरु या शुक्रके अस्त तथा उनके शिशुत्व और बालत्वके तीन तीन दिनोंमे और न्यून मासमें भी सर्वथा वर्जित हैं। इनके अतिरिक्त तीव्र ज्वरादि प्राणघातक रोगादिकी निवृत्तिके रुद्रजपादि अनुष्ठान; कपिलषष्ठी जैसे अलभ्य योगोंके प्रयोगः अनावृष्टिके अवसरमें वर्षा करानेके पुरश्चरण; वषटकारवर्जित आहुतियोंका हवन; ग्रहणसम्बन्धी श्राद्ध; दान और जपादि; पुत्रजन्मके कृत्य और पितृमरणके श्राद्धदि तथा गर्भाधान, पुंसवन और सीमन्त जैसे संस्कार और नियत अवधिमें समाप्त करनेके पूर्वागत प्रयोगादि किये जा सकते हैं ।

श्राद्ध कर्म के दिन का चयन।

संकलन गुरुत्व कार्यालय

हिन्दू धर्म में वर्ष भर में विभिन्न प्रकार के व्रत-पर्व-त्यौहार एवं धार्मिक अनुष्ठान किये जाते है। जिस में श्राद्ध कर्म भी एक हैं। श्राद्ध कर्म को विशेष समय पर ही संपन्न करने का विधान है।

अमायुगमनुक्रान्तिधृतिपातमहालयाः।
अष्टकान्वष्टका पूर्वेद्युः श्राद्धैर्नवतिश्च षट्॥
(धर्मसिंधु)

अर्थातः बारह महीनों की बारह अमावस्या तिथि, सत्ययुग, त्रेतादि चार युगों की प्रारम्भकी चार युगादि तिथियाँ, मनुओं के आरम्भेकी चौदह मन्वादि तिथियाँ, बारह संक्रान्तियाँ, बारह वैधृति योग, बारह व्यतीपात योग, पंद्रह पितृपक्ष (महालय) के श्राद्ध, पाँच अष्टका, पाँच अन्वष्टका तथा पाँच पूर्वेद्युः। ये सभी श्राद्ध के कुल 96 अवसर है।

- वर्ष भर में किसी भी अमावस्या के दिन श्राद्ध कर्म किया जा सकता है।
- सूर्य के राशि परिवर्तन के दिन अर्थात संक्रांति के दिन श्राद्ध कर्म किया जा सकता है।
- पितृ पक्ष (श्राद्ध पक्ष या महालया) में पूर्णिमा से अमावस्या तक के दिनों में तिथि के अनुसार श्राद्ध कर्म किया जा सकता है।
- यदि किसी दिन वैधृति योग अथवा व्यतिपात योग हो तो उस दिन श्राद्ध कर्म किया जा सकता है।
- मन्वादि तिथि में श्राद्ध कर्म किया जा सकता है।

1) चैत्र कृष्ण अमावस्या
2) चैत्र शुक्ल तृतीया
3) चैत्र शुक्ल पूर्णिमा
4) ज्येष्ठ शुक्ल पूर्णिमा
5) आषाढ़ शुक्ल दशमी
6) आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा
7) भाद्रपद कृष्ण अष्टमी
8) भाद्रपद शुक्ल तृतीया
9) आश्विन शुक्ल नवमी

10) कार्तिक शुक्ल द्वादशी
11) कार्तिक शुक्ल पूर्णिमा
12) पौष शुक्ल एकादशी
13) माघ शुक्ल सप्तमी
14) फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा

अन्य मत से

1) चैत्र शुक्ल तृतीया
2) चैत्र शुक्ल पूर्णिमा
3) ज्येष्ठ शुक्ल पूर्णिमा,
4) आषाढ शुक्ल द्वादशी
5) आषाढ शुक्ल पूर्णिमा
6) श्रावण कृष्ण अष्टमी
7) भाद्र शुक्ल तृतीया
8) आश्विन शुक्ल नवमी
9) कार्तिक शुक्ल द्वादशी
10) कार्तिक शुक्ल पूर्णिमा
11) पौष शुक्ल एकादशी
12) माघ शुक्ल सप्तमी
13) फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा
14) फाल्गुन कृष्ण अमावस्या।

अष्टकाश्राद्ध (अष्टमी)

1) मार्ग कृष्ण अष्टमी
2) पौष कृष्ण अष्टमी
3) माघ कृष्ण अष्टमी
4) भाद्र कृष्ण अष्टमी

अन्वष्टका श्राद्ध (नवमी)

1) मार्ग कृष्ण नवमी,
2) पौष कृष्ण नवमी,
3) माघ कृष्णनवमी,
4) भाद्र कृष्ण नवमी।

पुर्वेदयु श्राद्ध (सप्तमी)

1) मार्ग कृष्ण सप्तमी
2) पौष कृष्ण सप्तमी
3) माघ कृष्ण सप्तमी
4) भाद्र कृष्ण सप्तमी

युगादी दिन

1) माघ कृष्ण अमावस्या
2) भाद्र कृष्ण त्रयोदशी
3) वैशाख शुक्ल तृतीया
4) कार्तिक शुक्ल नवमी

उक्त तिथि के अलावा अन्य तिथियां

कल्पादि तिथियं

1) माघ शुक्ल त्रयोदशी
2) चैत्र कृष्ण तृतीया
3) चैत्र शुक्ल प्रतिपदा
4) चैत्र शुक्ल पञ्चमी
5) वैशाख शुक्ल तृतीया
6) कार्तिक शुक्ल सप्तमी
7) मार्गशीर्ष शुक्ल नवमी

❖ माघ मास की शुक्ल पक्ष की अष्टमी को भीष्म अष्टमी को श्राद्ध कर्म किया जा सकता है।
❖ वार्षिक श्राद्ध की तिथि के दिन श्राद्ध कर्म किया जा सकता है।
❖ शुभ तिथि (जैसे जन्म तिथि) को श्राद्ध कर्म किया जा सकता है।
❖ किसी योग्य ब्राह्मण के आगमन पर श्राद्ध कर्म किया जा सकता है।
❖ गजच्छाया योग हो उस दिन श्राद्ध कर्म किया जा सकता है।
❖ सूर्य ग्रहण और चंद्र ग्रहण के दिन श्राद्ध कर्म किया जा सकता है।
❖ श्राद्ध करने की तीव्र इच्छा व श्राद्ध की सभी सामग्री उपलब्ध हो तब श्राद्ध कर्म किया जा सकता है।

मंत्र सिद्ध दुर्लभ सामग्री

काली हल्दी:- 370, 550, 730, 1450, 1900	कमल गट्टे की माला - Rs- 370
माया जाल- Rs- 251, 551, 751	हल्दी माला - Rs- 280
धन वृद्धि हकीक सेट Rs-280 (काली हल्दी के साथ Rs-550)	तुलसी माला - Rs- 190, 280, 370, 460
घोडे की नाल- Rs.351, 551, 751	नवरत्न माला- Rs- 1050, 1900, 2800, 3700 & Above
हकीकः 11 नंग-Rs-190, 21 नंग Rs-370	नवरंगी हकीक माला Rs- 280, 460, 730
लघु श्रीफलः 1 नंग-Rs-21, 11 नंग-Rs-190	हकीक माला (सात रंग) Rs- 280, 460, 730, 910
नाग केशरः 11 ग्राम, Rs-145	मूंगे की माला Rs- 1050, 1900 & Above
स्फटिक माला- Rs- 235, 280, 460, 730, DC 1050, 1250	पारद माला Rs- 1450, 1900, 2800 & Above
सफेद चंदन माला - Rs- 460, 640, 910	वैजयंती माला Rs- 190, 280, 460
रक्त (लाल) चंदन - Rs- 370, 550,	रुद्राक्ष माला: 190, 280, 460, 730, 1050, 1450
मोती माला- Rs- 460, 730, 1250, 1450 & Above	विधुत माला - Rs- 190, 280
कामिया सिंदूर- Rs- 460, 730, 1050, 1450, & Above	मूल्य में अंतर छोटे से बड़े आकार के कारण हैं।

मंत्र सिद्ध स्फटिक श्री यंत्र

"श्री यंत्र" सबसे महत्वपूर्ण एवं शक्तिशाली यंत्र है। "श्री यंत्र" को यंत्र राज कहा जाता है क्योकि यह अत्यन्त शुभ फ़लदयी यंत्र है। जो न केवल दूसरे यन्त्रो से अधिक से अधिक लाभ देने मे समर्थ है एवं संसार के हर व्यक्ति के लिए फायदेमंद साबित होता है। पूर्ण प्राण-प्रतिष्ठित एवं पूर्ण चैतन्य युक्त "श्री यंत्र" जिस व्यक्ति के घर मे होता है उसके लिये "श्री यंत्र" अत्यन्त फ़लदायी सिद्ध होता है उसके दर्शन मात्र से अन-गिनत लाभ एवं सुख की प्राप्ति होति है। "श्री यंत्र" मे समाई अद्दितिय एवं अद्रश्य शक्ति मनुष्य की समस्त शुभ इच्छाओं को पूरा करने मे समर्थ होति है। जिस्से उसका जीवन से हताशा और निराशा दूर होकर वह मनुष्य असफ़लता से सफ़लता कि और निरन्तर गति करने लगता है एवं उसे जीवन मे समस्त भौतिक सुखो कि प्राप्ति होति है। "श्री यंत्र" मनुष्य जीवन में उत्पन्न होने वाली समस्या-बाधा एवं नकारात्मक उर्जा को दूर कर सकारत्मक उर्जा का निर्माण करने मे समर्थ है। "श्री यंत्र" की स्थापन से घर या व्यापार के स्थान पर स्थापित करने से वास्तु दोष य वास्तु से सम्बन्धित परेशानि मे न्युनता आति है व सुख-समृद्धि, शांति एवं ऐश्वर्य कि प्रप्ति होती है।

गुरुत्व कार्यालय मे विभिन्न आकार के "श्री यंत्र" उप्लब्ध है

मूल्य:- प्रति ग्राम Rs. 28.00 से Rs.100.00

GURUTVA KARYALAY
BHUBNESWAR-751018, (ODISHA), Call Us: 91 + 9338213418, 91 + 9238328785,
Email Us:- gurutva_karyalay@yahoo.in, gurutva.karyalay@gmail.com
Visit Us: www.gurutvakaryalay.com | www.gurutvajyotish.com | www.gurutvakaryalay.blogspot.com

सर्व कार्य सिद्धि कवच

जिस व्यक्ति को लाख प्रयत्न और परिश्रम करने के बादभी उसे मनोवांछित सफलताये एवं किये गये कार्य में सिद्धि (लाभ) प्राप्त नहीं होती, उस व्यक्ति को सर्व कार्य सिद्धि कवच अवश्य धारण करना चाहिये।

कवच के प्रमुख लाभ: सर्व कार्य सिद्धि कवच के द्वारा सुख समृद्धि और **नव ग्रहों** के नकारात्मक प्रभाव को शांत कर धारण करता व्यक्ति के जीवन से सर्व प्रकार के दु:ख-दारिद्र का नाश हो कर सुख-सौभाग्य एवं उन्नति प्राप्ति होकर जीवन मे सभि प्रकार के शुभ कार्य सिद्ध होते हैं। जिसे धारण करने से व्यक्ति यदि व्यवसाय करता होतो कारोबार मे वृद्धि होति हैं और यदि नौकरी करता होतो उसमे उन्नति होती हैं।

- सर्व कार्य सिद्धि कवच के साथ में **सर्वजन वशीकरण** कवच के मिले होने की वजह से धारण कर्ता की बात का दूसरे व्यक्तिओ पर प्रभाव बना रहता हैं।
- सर्व कार्य सिद्धि कवच के साथ में **अष्ट लक्ष्मी** कवच के मिले होने की वजह से व्यक्ति पर सदा मां महा लक्ष्मी की कृपा एवं आशीर्वाद बना रहता हैं। जिस्से मां लक्ष्मी के अष्ट रुप (१)-आदि लक्ष्मी, (२)-धान्य लक्ष्मी, (३)- धैर्य लक्ष्मी, (४)-गज लक्ष्मी, (५)-संतान लक्ष्मी, (६)-विजय लक्ष्मी, (७)-विद्या लक्ष्मी और (८)-धन लक्ष्मी इन सभी रुपो का अशीर्वाद प्राप्त होता हैं।

- सर्व कार्य सिद्धि कवच के साथ में **तंत्र रक्षा** कवच के मिले होने की वजह से तांत्रिक बाधाए दूर होती हैं, साथ ही नकारात्मक शक्तियो का कोइ कुप्रभाव धारण कर्ता व्यक्ति पर नहीं होता। इस कवच के प्रभाव से इर्षा-द्वेष रखने वाले व्यक्तिओ द्वारा होने वाले दुष्ट प्रभावो से रक्षा होती हैं।
- सर्व कार्य सिद्धि कवच के साथ में **शत्रु विजय** कवच के मिले होने की वजह से शत्रु से संबंधित समस्त परेशानिओ से स्वतः ही छुटकारा मिल जाता हैं। कवच के प्रभाव से शत्रु धारण कर्ता व्यक्ति का चाहकर कुछ नही बिगाड़ सकते।

अन्य कवच के बारे मे अधिक जानकारी के लिये कार्यालय में संपर्क करे:

किसी व्यक्ति विशेष को सर्व कार्य सिद्धि कवच देने नही देना का अंतिम निर्णय हमारे पास सुरक्षित हैं।

GURUTVA KARYALAY

92/3. BANK COLONY, BRAHMESHWAR PATNA, BHUBNESWAR-751018, (ODISHA)
Call Us - 9338213418, 9238328785
Our Website:- www.gurutvakaryalay.com and http://gurutvakaryalay.blogspot.com/
Email Us:- gurutva_karyalay@yahoo.in, gurutva.karyalay@gmail.com

श्राद्ध कर्म का विधान

✍ संकलन गुरुत्व कार्यालय

सजीव शरीर की समाप्ति मृत्यु से होती हैं। मृत्यु के बाद में आत्मा शरीर को त्याग देती हैं।

भारतीय दर्शन के अनुसार आत्मा जन्म के साथ ही शरीर में निहित होती हैं एवं मृत्यु के पश्चात् शरीर को त्याग देती हैं। आत्मा का मृत्यु के बाद में भी विनाश नहीं होता।

श्रीमद्भगवदगीता में वर्णित हैं

वासांसि जीर्णानि यथा विहाय नवानि गृह्णाति नरोऽपराणि।
तथा शरीराणि विहाय जीर्णा न्यन्यानि संयाति नवानि देही॥

अर्थातः मनुष्य जैसे पुराने कपड़ोंको छोड़कर दूसरे नये कपड़े धारण कर लेता हैं, वेसे ही आत्मा पुराने शरीरों को छोड़कर दूसरे नये शरीरों को प्राप्त होती है।

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः॥

अर्थातः इस आत्मा को शस्त्र से काटा नहीं जा सकता, अग्नि उसे जला नहीं सकती, जल उसे गीला नहीं कर सकता और वायु उसे सुखा नहीं सकती हैं।

आत्मा अमर है, आत्मा ना कभी जन्म लेती हैं, ना उसकी मृत्यु होती हैं।

आत्मा इतनी सूक्ष्म होती हैं, कि जब वह शरीर को त्याग करके निकलती हैं, तब उसे कोई भी मनुष्य अपने चर्मचक्षु से नहीं देख सकता।

वालाग्रशतभागस्य शतधा कल्पितस्य च।
भागो जीवः स विज्ञेयः स चानन्त्याय कल्पते॥

(श्वेताश्वतरोपनिषद्)

अर्थात्: बाल के अग्र भाग को सौ भागों में विभक्त कर दिया जाए और फिर पुनः उन सौ भागों में से एक के सौ भाग कर दिए जाएं तो उस भाग के बराबर या उसे भी छोटा-बहुत छोटा स्वरूप आत्मा का समझना चाहिए और जो अनंत भावयुक्त होने में समर्थ है।

शरीर के माध्यम से आत्मा अपने द्वारा किये गये अच्छे-बुरे कर्मों के अनुरुप सुख-दुःख एवं स्वर्ग एवं नरक को प्राप्त करती है। एक आत्मा बारंबार अलग-अलग शरीर (योनियों) को धारण करती हैं। प्रत्येक बार मृत्यु के पश्चात दूसरा जन्म अलग शरीर (योनियों) में होता है। जीव के द्वारा किये गये कर्मों के अनुसार उसका नया शरीर निर्धारित होता हैं। एक शरीर के त्याग कर दूसरे शरीर में प्रवेश के लिए आत्मा को विभिन्न स्तरों से विचरण करना पड़ता है।

विद्वानों का मत हैं की केवल मनुष्य ही मृत्यु के बाद में एक आतिवाहिक (जो मरने के बाद प्राप्त होनेवाला शरीर जिसे धारणकर जीव यमलोक में जाता हैं) सूक्ष्म शरीर धारण कर सकता हैं, किसी अन्य प्राणियोंको यह सूक्ष्म शरीर प्राप्त ही नहीं होता, अन्य प्राणि मृत्यु के तुरंत बाद वायुरूपमें विचरण करके तत्काल दूसरे प्राणि की योनि के गर्भ से जन्म लेने के लिए निर्धारीत हो जाते हैं।

हिन्दू धर्म शास्त्रों-पुराणोंमें मरणासन्न मनुष्य की अवस्था, मनुष्य की मृत्यु का स्वरूप, मनुष्य के कल्याण के लिये किये जानेवाले अंतिम समय के विविध प्रकारके कर्म तथा दान इत्यादि का वर्णन प्राप्त होता है।

ग्रंथोंमें मृत्यु के बाद के और्ध्वदैहिक संस्कार, पिण्डदान (दशगात्रविधि), तर्पण, श्राद्ध, एकादशाह, सपिण्डीकरण,

अशौचादि निर्णय, कर्म विपाक, पापोंके प्रायश्चित्त इत्यादि कर्मों का वर्णन भी प्राप्त होता है। मनुष्य की मृत्युके बाद उसके पारलौकिक जीवन को सुख-समृद्ध एवं शांतिपूर्ण बनाया जा सकता है। मृत्युके बाद आत्मा की सद्गति के लिए किये जाने वाले कर्तव्य की सामान्य जानकारी सभी को होनी चाहिए।

शास्त्र में उल्लेख हैं कि

देवकार्यादपि सदा पितृकार्यं विशिष्यते।
देवताभ्यो हि पूर्वं पितृणामाप्यायनं वरम्॥
(हेमाद्रि)

अर्थातः देवकार्य की अपेक्षा पितृकार्य की विशेषता अधिक मानी गयी है। इसलिए देवकार्य से पूर्व पितरों को तृप्त करना चाहिये।

श्राद्धात् परतरं नान्यच्छ्रेयस्करमुदाहृतम्।
तस्मात् सर्वप्रयत्नेन श्राद्धम् कुर्याद् विचक्षणः॥
(हेमाद्रि)

अर्थातः श्राद्ध से उत्तम एवं कल्याणकारी अन्य कोई कर्म नहीं हैं। इसलिए विधिवत श्राद्ध करते रहना चाहिये।

एवं विधानतः श्राद्धम् कुर्यात् स्वविभवोचितम्।
आब्रह्मस्तम्बपर्यन्तं जगत् प्रीणाति मानवः॥
(ब्रह्मपुराण)

अर्थातः जो विधि-विधान से अपने सामार्थ्य के अनुरूप श्राद्ध करता हैं, वह ब्रह्मा से लेकर घासतक सभी प्रकार के प्राणियों को संतृप्त कर देता हैं।

योऽनेन विधिना श्राद्धम् कुर्याद् वै शान्तमानसः।
व्यपेतकल्मषो नित्यं याति नावर्तते पुनः॥
(हेमाद्रिमें)

अर्थातः जो शांत चित से विधि-विधान से श्राद्ध करता है, वह व्यक्ति सम्पूर्ण पापों से मुक्त होकर जन्म-मृत्यु के बंधनों से छूट जाता हैं।

पुन्नामनरकात् त्रायते इति पुत्रः।

अर्थात जो नरक से त्राण (रक्षा) करता है, वही पुत्र है। श्राद्ध कर्म के द्वारा ही पुत्र पितृ ऋण से मुक्त हो सकता है।

शास्त्रोंके अनुसार स्वर्ग-नरक के फल भोगने के बाद जीव अपने कर्मों के अनुसार पुनः 84 लाख योनियों में भ्रमण करने लगता है। मृत्यु के बाद पुण्यात्माएं पुनः मनुष्य योनि अथवा देव योनि को प्राप्त कर लेते हैं तथा पापात्माएं अन्य प्राणियों की योनि में जन्म ग्रहण करते हैं।

इस लिए पुत्र-पौत्रा इत्यादि का यह कर्तव्य है, कि वह अपने माता-पिता तथा स्वजनों की मृत्यु के बाद में उनहें परलोक में कल्याण अथवा एवं अन्य प्राणि की योनि में भी कल्याण तथा सुख की प्राप्ति के निमित्त श्रद्धापूर्वक शास्त्रोक्त कर्म करना चाहिए। इस लिए हिन्दू धर्म में पितृऋण से मुक्ति के लिए श्राद्ध कर्म अथवा पितृकर्म किया जाता है।

पितरो वाक्यमिच्छन्ति भावमिच्छन्ति देवताः।
अर्थातः पितर वाक्य और क्रिया शुद्ध होने पर ही पूजा स्वीकार करते हैं और देवता भावना शुद्ध होने पर पूजा स्वीकार करते हैं।

क्योकि देवता भावना शुद्ध होने पर पूजा तथा वाक्यमें कोई त्रुटि होने पर भी पूजा स्वीकार कर लेते हैं। लेकिन पितृ कर्म में अतिरिक्त सावधानीकी रखनी चाहिए।

विभिन्न शास्त्रों-धर्मग्रंथों में वर्णित श्राद्ध कर्म की पद्धतियों के वर्णन में भिन्नता संभव हैं तथा विभिन्न प्रदेशों एवं लोक परम्पराओं में अंतर से भी इस में भिन्नता संभव हैं।

विभिन्न शास्त्रों-धर्मग्रंथों एवं विद्वानों से हमें प्राप्त जानकारी के आधार पर पाठकों के मार्गदर्श हेतु सर्वाधिक प्रचलित श्राद्ध कर्म एवं जानकारीयों को समाहित करने का प्रयास किया हैं।

श्राद्ध कर्म के प्रकार

संकलन गुरुत्व कार्यालय

विभिन्न शास्त्रों में श्राद्ध के अनेक प्रकार के वर्णित हैं, लेकिन पाठको के मार्गदर्शन हेतु प्रचलित प्रकार का वर्णन कर रहे हैं।

नित्यं नैमित्तिकं काम्यं त्रिविधं श्राद्धमुच्यते।
(मत्स्यपुराण)

अर्थात: नित्य, नैमित्तिक एवं काम्य श्राद्ध तीन प्रकार के होते हैं।

नित्यं नैमित्तिकं काम्यं वृद्धि श्राद्धम थापरम्।
पार्वणं चेति विज्ञेयं श्राद्धं पञ्चविधं बुधैः॥
(यमस्मृति)

अर्थात: यम स्मृति में नित्य, नैमित्तिक, काम्य, नांदी एवं पार्वण कुल पांच प्रकार के श्राद्ध कर्म का उल्लेख मिलता है।

अहन्यहनि यच्छ्राद्धं तन्नित्यमिति कीर्तितम्।
वैश्वदेवविहीनम् तदशक्तावुदकेन तु॥
(भविष्यपुराण)

अर्थात: इसमें विश्वेदेवता नहीं होते तथा असमर्थता की अवस्था में केवल जल अर्पण करके इस श्राद्ध की पूर्ति हो सकती है।

विश्वामित्रस्मृति तथा भविष्यपुराण में उल्लेख है।

नित्यं नैमित्तिकं काम्यं वृद्धि श्राद्धं सपिण्डनम्।
पार्वणं चेति विज्ञेयं गोष्ठीं शुद्धयर्थमष्टमम्॥
कर्माङ्गं नवमं प्रोक्तं दैविकं दशमं स्मृतम्।
यत्रास्वेकादशं प्रोक्तं पुष्ट्यर्थं द्वादशं स्मृतम्॥

अर्थात: नित्य, नैमित्तिक, काम्य, वृद्धि, सपिण्डन, पार्वण, गोष्ठी, शुद्ध्यर्थ, कर्मांग, दैविक, यात्रार्थ तथा पुष्ट्यर्थ यह बारह प्रकार के श्राद्ध हैं।

प्रतिदिन किसी कामना की पूर्ति के किये किये जाने वाले श्राद्ध को काम्य श्राद्ध कहते हैं।

परिवार में सदस्यों की वृद्धिकाल में पुत्र जन्म तथा विवाह आदि मांगलिक कार्य में जो श्राद्ध किया जाता है, उसे वृद्धिश्राद्ध (नान्दी श्राद्ध) कहते हैं। पितृपक्ष, अमावास्या अथवा पर्व आदि के समय आने पर जो विश्वेदेवता के सहित श्राद्ध किया जाता है, उसे पार्वण श्राद्ध कहते हैं।

नित्य श्राद्ध: नित्य श्राद्ध प्रतिदिन किया जाता हैं। नित्य श्राद्ध में विश्वेदेवता को स्थापित नहीं किया जाता। नित्य श्राद्ध केवल जल-तर्पण (जल से) अथवा तिल-तर्पण से भी सम्पन्न किया जा सकता है ।

नैमित्तिक श्राद्ध: किसी (मृतक) के निमित्त जो श्राद्ध किया जाता है, उसे नैमित्तिक श्राद्ध कहते हैं। नैमित्तिक श्राद्ध को एकोद्दिष्ट श्राद्ध भी कहते है। नैमित्तिक श्राद्ध में किसी एक (मृतक) के निमित्त किया जाता हैं, प्रायः यह किसी की मृत्यु के पश्चयात दशमें दिन या, ग्यारवे दिन किये जाते है। इसमें भी विश्वेदेवों को स्थापित नहीं किया जाता हैं।

काम्य श्राद्ध: किसी कामना विशेष की पूर्ति के लिए जो श्राद्ध किया जाता हैं, उसे काम्य श्राद्ध कहते हैं। काम्य श्राद्ध को विशेष फल की प्राप्ति एवं इच्छापूर्ति के लिए विशेष दिन, तिथि एवं नक्षत्र पर किये जाते हैं।

नान्दी श्राद्ध: परिवार में सदस्यों की वृद्धि जैसे पुत्र जन्म तथा विवाह, मंगलीक कार्य के आरंभ में, सोलह संस्कारों के आरंभ में, पुण्याहवाचन के समय पर मांगलीक में किया जानेवाला श्राद्ध वृद्धिश्राद्ध (नान्दी श्राद्ध) कहा जाता है।

पार्वण श्राद्ध: किसी विशेष तिथि या पर्व जैसे पितृपक्ष(महालय श्राद्ध), तीर्थ श्राद्ध, अमावास्या पर्व आदि पर किया जाने वाला श्राद्ध पार्वण श्राद्ध कहलाता है। इस के तीन प्रकार एकपार्वण, द्विपार्वण और त्रिपार्वण हैं, पार्वण श्राद्ध विश्वेदेव के सहित किया जाता है।

सपिण्डन श्राद्ध: शास्त्रों के मत से जब किसी की मृत्यु होती है, तो पिण्ड पहले प्रेत योनि में जाता है। तथा प्रेत पिण्ड को निकालके उसे पितृ पिण्डों में मिलाने की क्रिया सपिण्डन श्राद्ध कहलाती है। इसे सपिंडीकरण श्राद्ध भी कहा जाता है।

गोष्ठी श्राद्ध: जो श्राद्ध समूह में किया जाता है, उसे गोष्ठी श्राद्ध कहते हैं। प्रायः यह सामूहिक रुप से तीर्थक्षेत्र में अथवा किसी विशेष आवसर पर पितरों की शांति एवं सुख-समृद्धि की कामना से किया जाता हैं। अन्यत मत से वंश वृद्धि की कामना से गौशाला में किया गया श्राद्ध (दान) गोष्ठी श्राद्ध कहलाता है।

शुद्धि श्राद्ध: स्वयं की शुद्धि के निमित्त जो श्राद्ध किया जाता हैं। उसे शुद्धि श्राद्ध कहते हैं। इसमें शुद्धि के लिए श्राद्धमें ब्राह्मणों को भोजन कराया जाता है, इसे शुद्धयर्थ श्राद्ध अथवा प्रायाश्चित्तांग श्राद्ध भी कहा जाता है।

कर्मांग श्राद्ध: गर्भाधान संस्कार, सीमन्तोन्नयन तथा पुंसवन आदि संस्कारों में जो श्राद्ध किया जाता हैं उसे कर्मांग श्राद्ध कहते हैं।

दैविक श्राद्ध: किसी विशेष तिथि या अवसर पर देवता की कृपा प्राप्ति के लिए किए जाने वाले श्राद्ध को दैविक श्राद्ध कहते हैं।

यात्रार्थ श्राद्ध: तीर्थयात्रा अथवा अथवा दूरस्थ यात्रा पर जाने से पूर्व किए जाने वाले यात्रार्थ श्राद्ध कहते हैं। पितरों को स्मरण कर यात्रा में सुरक्षा एवं विघ्न-बाधाओं के निवारण के लिए यह श्राद्ध किया जाता हैं। इस श्राद्ध को घी से किया जाता हैं। इसे घृत श्राद्ध भी कहते हैं।

पुष्टि श्राद्ध: शारीरिक या आर्थिक उन्नति के लिए जो श्राद्ध किया जाता हैं उसे पुष्टि श्राद्ध कहते हैं। इसे पुष्टयर्थ श्राद्ध भी कहते हैं।

उपरोक्त वर्णित सभी प्रकार के श्राद्ध श्रौत और स्मार्त दो प्रकार के माने जाते हैं। पिण्ड पितृयाग को श्रौत श्राद्ध कहा जाता हैं, तथा एकोद्दिष्ट एवं पार्वण, तीर्थ श्राद्ध से मरण तक के सभी श्राद्ध को स्मार्त श्राद्ध कहा जाता है।

विद्वानों के मतानुसार पिण्ड पितृयाग केवल अमावस्याके दिन किया जाता हैं, और इसे विशेष ब्राह्मण वर्ग द्वारा ही किया जाता हैं।

काम्य श्राद्ध के विभिन्न लाभ

संकलन गुरुत्व कार्यालय

साप्ताहिक वार, तिथि एवं नक्षत्रों में काम्य श्राद्ध के फल विभिन्न लाभ का वर्णन शास्त्रों में वर्णित है।

सात वार के अनुसार काम्य श्राद्ध फल

- **सोमवार** को श्राद्ध सौभाग्य की वृद्धि के लिए करना चाहिए।
- **मंगलवार** को श्राद्ध विजय की प्राप्ति के लिए करना चाहिए।
- **बुधवार** को श्राद्ध सभी इच्छाओं की पूर्ति के लिए करना चाहिए।
- **गुरुवार** को श्राद्ध विद्या प्राप्ति के लिए करना चाहिए।
- **शुक्रवार** को श्राद्ध धन प्राप्ति के लिए करना चाहिए।
- **शनिवार** को श्राद्ध आयु वृद्धी के लिए करना चाहिए।
- **रविवार** को श्राद्ध आरोग्य के लिए करना चाहिए।

तिथि के अनुसार काम्य श्राद्ध फल

- इच्छाओं की पूर्ति के लिए **शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा** के दिन श्राद्ध करना चाहिए।
- उत्तम पुत्र संतान एवं पशु की प्राप्ति हेतु **कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा को** श्राद्ध करना चाहिए।
- उत्तम कन्या संतान की प्राप्ति के लिए **कृष्ण पक्ष की द्वितीया को** श्राद्ध करना चाहिए।
- सामाजिक मान-सम्मान की प्राप्ति एवं वृद्धि के लिए **कृष्ण पक्ष की तृतीया को** श्राद्ध करना चाहिए।
- नाना प्रकार के पशुओं की प्राप्ति के लिए **कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को** श्राद्ध करना चाहिए।
- सुंदर संतान की प्राप्ति के लिए **कृष्ण पक्ष की पंचमी को** श्राद्ध करना चाहिए।
- तेजस्वी संतान की प्राप्ति एवं द्यूत-क्रीड़ा में विजय प्राप्ति के लिए **कृष्ण पक्ष की षष्ठी को** श्राद्ध करना चाहिए।
- उपजाऊ भूमि की प्राप्ति के लिए **कृष्ण पक्ष की सप्तमी को** श्राद्ध करना चाहिए।
- व्यापार में वृद्धि एवं लाभ प्राप्ति के लिए **कृष्ण पक्ष की अष्टमी को** श्राद्ध करना चाहिए।
- उत्तम वाहन अथावा घोडे, ऊँट आदि सवारी में प्रयुक्त होने वाले पशु की प्राप्ति हेतु **कृष्ण पक्ष की नवमी को** श्राद्ध करना चाहिए।
- उत्तम गौधन या दो खुरवाले पशु की प्राप्ति हेतु **कृष्ण पक्ष की दशमी को** श्राद्ध करना चाहिए।
- श्रेष्ठ बर्तन, श्रेष्ठ वस्त्र एवं सर्व श्रेष्ठ संतान की प्राप्ति हेतु **कृष्ण पक्ष की एकदशी को** श्राद्ध करना चाहिए।
- बहुमूल्य धातु जैसे सोने, चांदी आदि की प्राप्ति हेतु **कृष्ण पक्ष की द्वादशी को** श्राद्ध करना चाहिए।
- स्वजनों से मान-सम्मान की प्राप्ति के लिए **कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को** श्राद्ध करना चाहिए।
- उत्तम लोगों की प्राप्ति के लिए **कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को** श्राद्ध करना चाहिए।
- सभी प्रकार की इच्छाओं की पूर्ति के लिए **कृष्ण**

पक्ष की अमावस्या के दिन श्राद्ध करना चाहिए।

भीष्माष्टमी श्राद्ध

निःसंतान हो या बार-बार गर्भ का गिरना या गर्भ में संतान की मृत्यु हो रही हो, तो संतान प्राप्ति के लिए माघ शुक्ल पक्ष की अष्टमी अर्थात भीष्माष्टमी को भीष्म पितामह के नाम से श्राद्ध कर्म या तर्पण करना चाहिए।

नक्षत्र के अनुसार काम्य श्राद्ध फल

- अश्विनी नक्षत्र में श्राद्ध करना घोड़े की प्राप्ति में सहायक होता है।
- भरणी नक्षत्र में श्राद्ध करने से दीर्घायुष्य की प्राप्ति होती है।
- कृत्तिका नक्षत्र में श्राद्ध करने से पुत्र संतान एवं स्वयं की स्वर्गगति होती है।
- रोहिणी नक्षत्र में श्राद्ध करने से उत्तम संतान की प्राप्ति होती है।
- मृगशिरा नक्षत्र में श्राद्ध करने से उच्च कोटि के ज्ञान की प्राप्ति होती है।
- आद्रा नक्षत्र में श्राद्ध करने से रिद्धि-सिद्धि की प्राप्ति होती है।
- पुनर्वसु नक्षत्र में श्राद्ध करने से भूमि की प्राप्ति की प्राप्ति होती है।
- पुष्य नक्षत्र में श्राद्ध करने से शरीर की पुष्टि होती है।
- आश्लेषा नक्षत्र में श्राद्ध करने से लक्ष्मी की प्राप्ति की प्राप्ति होती है।
- मघा नक्षत्र में श्राद्ध करने से प्रियजनो से मान-सम्मन की प्राप्ति होती है।
- पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र में श्राद्ध करने से सौभाग्य की वृद्धि होती है।
- उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र में श्राद्ध करने से सुख, सौभाग्य एवं संतान की वृद्धि होती है।
- हस्त नक्षत्र में श्राद्ध करने से सभी प्रकार से पाप का नाश होता हैं एवं कामनाओं की पूर्ति होती है।
- चित्रा नक्षत्र में श्राद्ध करने से रूपवान संतान की प्राप्ति होती है।
- स्वाति नक्षत्र में श्राद्ध करने से व्यापार एवं यश में वृद्धि होती है।
- विशाखा नक्षत्र में श्राद्ध करने से संतान वृद्धि होती है।
- अनुराधा नक्षत्र में श्राद्ध करने से उच्च पद की प्राप्ति एवं बंधुओं से लाभ की प्राप्ति होती है।
- ज्येष्ठा नक्षत्र में श्राद्ध करने से सभी प्रकार के सुख एवं ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है।
- मूल नक्षत्र में श्राद्ध करने से आरोग्य की प्राप्ति होती है।
- पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र में श्राद्ध करने से व्यक्ति का यश एवं कीर्ति चारों तरफ फैलती है।
- उत्तराषाढ़ा नक्षत्र में श्राद्ध करने से सभी प्रकार के शोक दूर होते है।
- श्रवण नक्षत्र में श्राद्ध करने से आत्मा को मोक्ष की प्राप्ति होती है।
- धनिष्ठा नक्षत्र में श्राद्ध करने से राजा के समान सुख-साधनों की प्राप्ति होती है।
- शतभिषा नक्षत्र में श्राद्ध करने से चिकित्सा के से जुडे कार्यों में सफलता प्राप्ति होती है।
- पूर्वभाद्रपद नक्षत्र में श्राद्ध करने से नाना प्रकार के पशुओं की प्राप्ति होती है।
- उत्तराभाद्रपद नक्षत्र में श्राद्ध करने से गौधन की वृद्धि होती है।
- रेवती नक्षत्र में श्राद्ध करने से विभिन्न प्रकार की धातुओं की प्राप्ति होती है।

श्राद्ध कर्म का अर्थ

✍ संकलन गुरुत्व कार्यालय

श्रद्धार्थमिदं श्राद्धम्

अर्थात: जो श्रद्धा से किया जाये वह श्राद्ध है।

श्रद्धया पितृन् उद्दिश्य विधिना क्रियते यत्कर्म तत् श्राद्धम्।

अर्थात: पितरों के लिये विधि-विधान से जो कर्म श्रद्धा पूर्वक किये जाते है उसे श्राद्धकर्म कहते हैं।

इस के पीछे का उद्देश्य पितरों के निमित्त, उनकी आत्मा की तृप्ति के लिए श्रद्धापूर्वक जो कुछ अर्पित किया जाता हैं वह ही श्राद्ध कर्म हैं। श्राद्धकर्म को पितृयज्ञ भी कहते हैं।

श्राद्धकर्म का वर्णन मनुस्मृति, श्राद्धकल्पलता, श्राद्धतत्त्व, पितृदयिता आदि अनेक धर्म-शास्त्रों, पुराणों तथा ग्रन्थोंमें प्राप्त होता है।

महर्षि पराशर के अनुसार

देशे काले च पात्रे च विधिना हविषा च यत्।
तिलैर्दर्भैश्च मन्त्रैश्च श्राद्धं स्याच्छ्रद्धया युतम्॥

अर्थात: देश, काल तथा पात्रमें हविष्या इत्यादि से विधिद्वारा जो कर्म तिल और दर्भ (कुश) एवं मन्त्रों के सहित श्रद्धापूर्वक किया जाए वही श्राद्ध है।

ब्रह्मपुराण के अनुसार

देशे काले च पात्रे च श्रद्धया विधिना च यत्।
पितृनुद्दिश्य विप्रेभ्यो दत्तं श्राद्धमुदाहृतम्॥

अर्थात: देश, काल और पात्रमें विधिपूर्वक श्रद्धासे पितरोंके निमित्त जो ब्राह्मणको दिया जाए उसे श्राद्ध कहते हैं।

विद्वानों के मत से

संस्कृतं व्यञ्जनाद्यं च पयोमधघतान्वितम।
श्रद्धया दीयते यस्माच्छाद्धं तेन निगद्यते॥

अर्थात: जिस कर्म में दुग्ध, घृत और मधु से युक्त अच्छी प्रकारसे पकाये हुए उत्तम व्यंजनको श्रद्धापूर्वक पितृगणके उद्देश्यसे ब्राह्मण आदि को दिया जाय उसे श्राद्ध कहते हैं।

कात्यायन स्मृति के अनुसार

श्राद्धं वा पितृयज्ञः स्यात्।

अर्थात: पितृयज्ञ का दूसरा नाम श्राद्ध हैं।

श्राद्ध कर्म से लाभ की प्राप्ति

संकलन गुरुत्व कार्यालय

हेमाद्रि और कूर्मपुराण के अनुसार

योऽनेन विधिना श्राद्धं कुर्याद् वै शान्तमानसः।
व्यपेतकल्मषो नित्यं याति नावर्तते पुनः॥

अर्थातः जो शांत चित से विधि-विधान से श्राद्ध करता है, वह व्यक्ति सम्पूर्ण पापों से मुक्त होकर जन्म-मृत्यु के बंधनों से छूट कर फिर संसार-चक्रमें नहीं आता।

विधि-विधान से श्राद्ध कर्म करने से पितरों की सन्तुष्टि तथा स्वयं का कल्याण होता हैं।
विद्वानों का मत से श्राद्ध एक श्रेष्ठ कर्म हैं। नियम से श्राद्ध कर्म करने से पितृगण सन्तुष्ट होने से व्यक्तिको आरोग्य की प्राप्ति, आयु वृद्धी, सौभाग्य वृद्धि, इच्छाओं की पूर्ति, कार्य में सफलता, ज्ञान की प्राप्ति, भूमि-वाहन, धन लाभ तथा संतान लाभ, मान-सम्मान आदि अनेक प्रकार के लाभ की प्राप्ति होती हैं तथा मृत्यु के बाद व्यक्ति का मोक्ष अथवा परलोक में कल्याण अथवा एवं अन्य प्राणि की योनि में भी कल्याण तथा सुख की प्राप्ति होती हैं।

अत्रिसंहिता के अनुसार

पुत्रो वा भ्रातरो वापि दौहित्रः पौत्रकस्तथा।
पितृकार्ये प्रसक्ता ये ते यान्ति परमां गतिम्॥

अर्थातः पुत्र, भ्राता, पौत्र अथवा दौहित्र (नाती) आदि पितृकार्य करते हैं, वे निश्चय ही परम गति को प्राप्त होते हैं।

विद्वानों का कथन हैं कि जो व्यक्ति श्राद्ध करता है, जो व्यक्ति श्राद्धकर्म के विधि-विधानको जानता है, जो व्यक्ति श्राद्धकर्म करनेकी सलाह देता है, जो व्यक्ति श्राद्ध का अनुमोदन करता है इन सब को श्राद्ध का पुण्य फल प्राप्त होता हैं।

पितरों का श्राद्ध कर्म नहीं करने से क्यां होता है?

संकलन गुरुत्व कार्यालय

हिन्दू धर्म शास्त्रों में श्राद्ध कर्म नहीं करने पर जीवात्मा को होने वाली हानि का वर्णन भी मिलता है।
हिन्दू धर्म की मान्यता के अनुसार मृत्यु के बाद में मृतक के स्वजन श्राद्ध कर्म के विधि-विधान से जो वस्तुएं प्रदान हैं, वही वस्तुएं उसे प्राप्त होती है।

इसी लिए हमारे शास्त्रों में मरणोपरान्त मृतक की सद्गति एवं उसके स्वजनों के कल्याण के लिए विभिन्न प्रकार के पिण्डदान की व्यवस्था बतायी गई है। जिस में देवताओंकी प्रसन्नता से लेकर भूत-पिशाच आदि शक्तियों द्वारा होने वाली समस्याओं को दूर करने की विधिया समाहित होती हैं। क्योंकि पिण्डों के माध्यम से ही जीवको आतिवाहिक सूक्ष्म शरीर की प्राप्ति होती है, तथा उस सूक्ष्म शरीर को अपनी आगे की यात्रा में पाथेय (अर्थात वह खाद्य पदार्थ जो यात्रा के समय यात्री रास्ते में खाने-पीने के लिए लेकर जाते हैं।) की आवश्यकता पड़ती है, जो उसे पिण्डदान से प्राप्त हो जाता है।

लोकान्तरेषु ये तोयं लभन्ते नान्नमेव च।
दत्तं न वंशजैर्येषां ते व्यथां यान्ति दारुणाम्॥

अर्थात: यदि सगे-संबंधी, पुत्र-पौत्रादि न दें तो भूख-प्यास से उन्हें वहाँ बहुत भयानक दुःख मिलता है।

शास्त्रों में श्राद्धकर्म नहीं करने वालें व्यक्ति को प्राप्त होने वाले फलों का वर्णन भी मिलता है।

जो अपने पितरों का श्राद्ध नहीं करने से व्यक्ति को विभिन्न प्रकार के कष्टों को भोगना पड़ता है।

ब्रह्मपुराण के अनुसार

श्राद्धं न कुरुते मोहात् तस्य रक्तं पिबन्ति ते।

अर्थात: मृतजीव बाध्य होकर श्राद्ध नहीं करने वाले अपने सगे-सम्बन्धियों का रक्त चूसने लगते हैं।

श्राद्धकर्म नहीं करने पितरों का शाप लगता है

पितरस्तस्य शापं दत्त्वा प्रयान्ति च।

अर्थात: श्राद्धकर्म नहीं करने पितरों का शापित करते है।

जिस कारण परिजनों को जीवन भर विभिन्न प्रकार के कष्ट झेलने पड़ते है। परिवार में संतान का अभाव होता हैं, परिजनों को विभिन्न रोग होते हैं, अल्पायु को प्राप्त होते है। परिवार में सभी तरह से अमंगल होता हैं। एवं मृत्यु के उपरांत नरक की प्राप्ति होती हैं।

देवपितृकार्याभ्यां न प्रमदितव्यम्

अर्थात: देवता तथा पितरोंके कार्योंमें व्यक्तिको कभी भी लापरवाही नहीं करनी चाहिये।

इसलिए श्राद्धकर्म को पूर्ण विधि एवं पूर्ण श्रद्धा से ही पूर्ण करें।

पितरों को श्राद्ध कर्म से तृप्ति कैसे होती है ?

✍ संकलन गुरुत्व कार्यालय

सामान्यतः यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है, कि श्राद्धकर्म में जो अन्न तथा अन्य सामग्रियाँ दी जाती हैं वह पितरों को कैसे प्राप्त होती हैं।

क्योकि मृत्यु के बाद जीवको अपने शुभ-अशुभ कर्मोंके अनुसार आगे की गति प्राप्त होती है। शास्त्रोंके अनुसार स्वर्ग-नरक के फल भोगने के बाद जीव अपने कर्मों के अनुसार पुनः 84 लाख योनियों में भ्रमण करने लगता है। मृत्यु के बाद पुण्यात्माएं पुनः मनुष्य योनि अथवा देव योनि को प्राप्त कर लेते हैं तथा पापात्माएं अन्य प्राणियों की योनि में जन्म ग्रहण करते हैं, जिसमें कोई जीव का स्वरुप विराट होता हैं तो कोई जीव का स्वरुप सूक्ष्म होता हैं, इस लिए श्राद्ध में दिया गया छोटा सा पिण्डदान विभिन्न स्वरुप वाले जीव को यह किस प्रकार प्राप्त होता है। तथा देवताओं की तृप्ति भी इस पिण्डदान से कैसे होती हैं।

हिन्दू शास्त्रों एवं ग्रंथों में इस सबका वर्णन भी प्राप्त होता है।

शास्त्रों में उल्लेखित हैं की नाम तथा गोत्र के माध्यम से विश्वेदेव तथा अग्निदेव इत्यादि पितरों के निमित्त दीगई हव्यको पितरों तक पहुंचा देते हैं।

यदि पितर देव योनि को प्राप्त हुवे हो तो उन्हें दिया गया पिण्ड अमृत रूपमें प्राप्त हो जाता है तथा यदि मनुष्य योनि को प्राप्त हुवे हो तो उन्हें दिया गया पिण्ड अन्न के रूपमें प्राप्त हो जाता है तथा यदि पितर अन्य प्राणियों की योनि को को प्राप्त हुवे हो तो उन्हें दिया गया पिण्ड उस प्राणि के भोजन के अनुरुप प्राप्त हो जाता है और जीव को तृप्त करती है।

यथा गोष्ठे प्रणष्टां वै वत्सो विन्देत मातरम्।
तथा तं नयते मन्त्रो जन्तुर्यत्रावतिष्ठते॥
नाम गोत्रं च मन्त्रश्च दत्तमन्नं नयन्ति तम्।
अपि योनिशतं प्राप्तांस्तृप्तिस्ताननुगच्छति॥

अर्थात: जिस प्रकार किसी गोशाला में अनेक गायों के बिछड़ गया बछड़ा किसी न किसी प्रकार से अपनी माँ को ढूंढ ही लेता है, उसी प्रकार मन्त्र भी वस्तुओं को प्राणी के पास किसी न किसी रुपमें पहुँचा ही देता है। नाम, गोत्र, हृदय की श्रद्धा तथा आवश्यक संकल्प से दिये गए सभी पदार्थों को श्रद्धा पूर्वक किया गया मन्त्र पाठ उसके पास पहुँचा देता है।

जीव सैकड़ों योनियों को पार कर लेने पर भी, जब पिण्ड दान किया जाता हैं तो उसेके पास तृप्ति किसी न किसी प्रकार से पहुँच ही जाती है।

श्राद्ध कर्म में ब्राह्मण भोजन की महिमा

✍ संकलन गुरुत्व कार्यालय

शास्त्रों में मुख्य रुप से श्राद्धकर्म की दो पद्धतियों का वर्णन किया गया हैं। पिण्डदान एवं ब्राह्मण भोजन।
शास्त्र के अनुसार मृत्यु के बाद जो अन्तरिक्ष में सूक्ष्मग्राही जीवआत्मा वायवीय शरीर धारण किये होती है।
सूक्ष्मग्राही शरीरधारी तथा जल, अग्नि तथा वायुप्रधान होने के कारण उन्हें कहीं पर भी आने-जाने में कोई समस्या नहीं होती।
विशेष मन्त्रों के द्वारा जब उन्हें बुलाया जाता हैं, तब पितर मनकी गतिकी तरह स्मरण मात्रसे ही श्राद्ध के स्थान पर उपस्थित हो जाते हैं और आमंत्रित किये गये ब्राह्मणों के माध्यम से भोजन ग्रहण कर तृप्त हो जाते हैं।

अथर्ववेद के अनुसार

इममोदनं नि दधे ब्राह्मणेषु विष्टारिणं लोकजितं स्वर्गम्।

अर्थात: ब्राह्मणों को भोजन कराने से वह भोजन पितरों को प्राप्त हो जाता है।

मनुस्मृति के अनुसार

यस्यास्येन सदाश्नन्ति हव्यानि त्रिदिवौकसः।
कव्यानि चैव पितरः किं भूतमधिकं ततः॥

अर्थात: ब्राह्मण के मुख के द्वारा देवता लोग हव्य भागों को और पितर लोग कव्यभागों को सदा खाया करते हैं।

तथा श्राद्ध के लिए आमंत्रित किये गये ब्राह्मणों में पितर गुप्त रूप से निवास करते हैं और उन ब्राह्मणों के साथ ही बैठ कर भोजन ग्रहण करते हैं।

शतपथ ब्राह्मण के अनुसार

तिर इव वै पितरो मनुष्येभ्य

अर्थात: सूक्ष्म शरीरधारी अथवा सूक्ष्मग्राही वायवीय शरीर होने के कारण पितर मनुष्यों से छिपे हुए से होते हैं।

धन के अभाव में श्राद्ध कैसे करें ?

✍ संकलन गुरुत्व कार्यालय

शास्त्रों में श्राद्ध कर्म के लिए यदि पर्याप्त धन न हो तो श्राद्ध कर्म किस प्रकार करने से लाभ होता हैं उसके उपाय बताएं गये है।

यदि श्राद्ध कर्म करना अति आवश्यक हो एवं किसी कारण वश धन की कमी हो !

तस्माच्छ्राद्धं नरो भक्त्या शाकैरपि यथाविधि।

अर्थात: यदि अन्न-वस्त्र आदि खरीदने के लिए धन का अभाव हो तो उस परिस्थिति में शाक से श्राद्ध करना चाहिये।

- यदि शाक खरीदने के लिये भी धन न हों तो घास या काष्ठ आदिको बेचकर उस धन से शाक खरीद कर श्राद्ध करे।
- किसी कारण से यदि उक्त दोनों विधि करने में असमर्थ हो तो केवल घाससे श्राद्ध किया जा सकता है। घास को काट कर पितरों के नाम पर गाय को खिला दे।
- किसी कारण से यदि उक्त तीनों विधि करने में असमर्थ हो तो किसी एकान्त स्थानमें जाकर। शांत एवं एकाग्र चित्त से अपनी दोनों भुजाओंको ऊपर की ओर उठाकर इस श्लोक से पितरों को प्रार्थना करे

न मेऽस्ति वित्तं न धनं च नान्यच्छ्राद्धोपयोग्यं स्वपितॄन्नतोऽस्मि।
तृप्यन्तु भक्त्या पितरो मयैतौ कृतौ भुजौ वर्त्मनि मारुतस्य॥

(विष्णुपुराण)

अर्थात: हे मेरे पितृगण... ! मेरे पास श्राद्ध के लिए उपयुक्त न तो धन है, न धान्य आदि है। लेकिन हाँ मेरे पास आपके लिए श्रद्धा और भक्ति है। मैं इन्हीं के द्वारा आपको तृप्त करना चाहता हूं। आप तृप्त हों जाये। मैंने शास्त्र के निर्देश अनुसार आपनी दोनों भुजाओं को आकाश में उठा रखा है।

इस विधि से भी श्राद्धकर्म को संपन्न किया जा सकता हैं।

लेकिन सभी धन-साधनों से सम्पन्न व्यक्ति को श्राद्धकर्म करने में कंजूसी नहीं करनी चाहिये, वरन उन्हें तो यथा संभव साधनोंसे पूर्ण श्रद्धाभाव से श्राद्धकर्म अवश्य करना चाहिये।

इसलिए शास्त्रोंक्त मत से संपन्न हो या गरीब अपने सामर्थ्य के अनुसार श्राद्धकर्म सभी को अवश्य करना चाहिए।

शास्त्रोंक्त मतसे श्राद्ध करने का अधिकार

✍ संकलन गुरुत्व कार्यालय

शास्त्रों में उल्लेख है की पिता का श्राद्ध करनेका अधिकार मुख्य रूपसे पुत्रको ही होता है। एकाधिक पुत्र हो तो सभी क्रियाएँ बड़े पुत्रको करनी चाहिये। किसी कारण से यह संभव न हो तो भाई की अनुमति से भाई भी कर सकता है। यदी सभी भाई साथ में रहते हो तो वार्षिक श्राद्ध बड़े पुत्र के द्वारा सम्पन्न हो सकता है। यदि सभी पुत्र अलग-अलग रहते हों, तो वार्षिक श्राद्ध सभी को अलग-अलग करना चाहिये।

श्राद्धकल्पलता के अनुसार

श्राद्ध करने का अधिकार मुख्य रुप से पुत्र को ही दिया गया हैं लेकिन तथा के अलावा यह अधिकार अधिकार पौत्र, प्रपौत्र, दौहित्र (पुत्रीका पुत्र अर्थात नाती), पत्नी, भाई, भतीजा, पिता, माता, पुत्रवधू, बहन, भानजा, सपिण्ड (अर्थात मृतक से लेकर पूर्व की सात पीढ़ी तक का परिवार) तथा सोदकर (अर्थात आठवीं पीढ़ी से लेकर चौदहवीं पीढ़ी तक के पूर्वजों का परिवार) को होता हैं।

विष्णुपुराण के अनुसार करने का धिकार पुत्र के अलावा पौत्र, प्रपौत्र, भाई, भतीजा तथा अपनी सपिण्ड की संततिमें उत्पन्न हुआ पुरुष ही श्राद्धा आदि को ही होता है। यदि इन सबका अभाव हो तो समानोदकको (जिनकी ग्यारहवीं से चौदहवीं पीढ़ी तक के पूर्वज की) संतति अथवा मातृपक्ष के सपिण्ड अथवा समानोदक को इसका अधिकार है। मातृकुल और पितृकुल दोनों के नष्ट हो जाने पर स्त्री ही इस क्रिया को करे अथवा (यदि स्त्री भी न हो तो) मित्रों में से ही कोई करे या मित्रों भी न हो तो मृतक के धनसे राजा (सरकारी अधिकारी) उसके सभी कर्म करवाये।

हेमाद्रि के अनुसार

पिता की सभी क्रिया पुत्र को ही करनी चाहिये। पुत्र न हो तो पत्नी करे और पत्नी के अभाव में सहोदर भाई को करनी चाहिये।

मार्कण्डेय पुराण के अनुसार

राजा (सरकारी अधिकारी) सभी वर्गों का बन्धु होता है। इस लिए सभी श्राद्ध के अधिकारी जनोंके अभाव होने पर राजा मृत व्यक्ति के धन से उसके बंधुओं द्वारा सभी क्रिया करवाये।

मृत्युतिथि तथा पितृपक्षमें श्राद्ध का महत्व

✍ संकलन गुरुत्व कार्यालय

आज के आधुनिक युग में उचित जानकारी के अभाव में या समय के अभाव में या अत्याधुनिकीकरण के चलते श्राद्ध इत्यादि कर्मों को अधिक महत्व नहीं देते हैं तथा कुछ लोग बगैर श्रद्धा-भाव से केवल इसे रीति-रिवाज मानकर श्राद्ध करते हैं। लेकिन आज के आधुनिक युग में भी कुछ लोग हैं जो यथाविधि नियम के अनुसार श्रद्धकर्म करते हैं।

शास्त्रोक्त विधि से संपन्न किया गया श्राद्धकर्म ही सभी प्रकार से कल्याणदायक होता है। इसलिए व्यक्तिको श्रद्धापूर्वक शास्त्रोक्त मत के समस्त अथवा यथासंभव विशेष अवसरो पर श्राद्ध करते रहना चाहिये। जो व्यक्ति शास्त्रोक्त मत के समस्त श्राद्धकर्मों को करने में असमर्थ हो उन्हें क्षय तिथि पर, वार्षिक तिथि पर एवं पितृपक्ष में अपने मृत पितृगण की मरण तिथि के दिन श्राद्धकर्म अवश्य करना चाहिए।

भाद्रपद शुक्ल पक्ष की पूर्णिमासे पितरोंका दिन प्रारम्भ हो जाता हैं, जो आश्विन कृष्ण पक्ष की अमावास्या तक रहता है।

हमारे एक मास के बराबर पितरों का एक अहोरात्र (अर्थात दिन-रात) होता है। मनुस्मृति के अनुसार जिस प्रकार मासमें दो पक्ष होते है, मनुष्यों का कृष्ण पक्ष पितरों के कर्म का दिन और शुक्ल पक्ष पितरों के सोने की रात होती है।

इसलिए आश्विन मास के कृष्ण पक्ष में अर्थात पितृपक्ष में पितृ के निमित्त श्राद्धकर्म करने का विधान है। इसी पक्ष में किये गये श्राद्ध कर्म से पितरोंको भोजन प्राप्त होता है।

श्राद्ध के मुख्य दो अवसरों का महत्व

संकलन गुरुत्व कार्यालय

शास्त्रो में वर्णित हैं की व्यक्ति के लिए वर्ष में कम से कम दो बार श्राद्ध करना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त विशेष अवसरों पर श्राद्ध करनेकी विधि बतायी गई है।

क्षय तिथि (मृत्यु कि तिथि):

जिस दिन व्यक्ति की मृत्यु होती है, उस तिथि के दिन वार्षिक श्राद्ध करना चाहिये। शास्त्रों में क्षय तिथि पर **एकोद्दिष्ट श्राद्ध** करने का विधान बताया गया हैं। इसी को कुछ लोग पार्वण श्राद्ध भी कहते हैं, क्योंकि यह विशेष तिथि पर किया जाता है)।

साधारणतः **एकोद्दिष्ट श्राद्ध** केवल मृत व्यक्ति के निमित्त एक पिण्ड का दान करके तथा कम से कम एक ब्राह्मण को और अधिक तम तीन ब्राह्मणों को भोजन कराया जाय।

पितृपक्ष:

शास्त्रों में पितृ पक्ष में मृत व्यक्ति की जो मृत्यु तिथि होती हैं, उस तिथि पर विशेष रुप से पार्वण श्राद्ध करनेका विधान बताया गया हैं। यथा सम्भव पिता की मृत्यु तिथि पर श्राद्धकर्म अवश्य करना चाहिये। पार्वण श्राद्ध में पिता, दादा, परदादा, माता, दादी और परदादी तीन चट में इन छः व्यक्तियों का श्राद्ध किया जाता है।

इसके साथ ही नाना, परनाना, वृद्ध परनाना, नानी, परनानी वृद्ध परनानी तीन चट में इन छः व्यक्तियों का भी श्राद्ध किया जाता है। इसके अलावा एक चट और लगाया जाता है, जिस में अपने निकटतम सम्बन्धियोंके निमित्त पिण्डदान किया जाता है। इसके अलावा दो चट विश्वेदेव के लिये लगाए जाता है, इस तर कुल नौ चट लगाकर पार्वण श्राद्ध को सम्पन्न किया जाता है। तथा इस में नौ ब्राह्मणों को भोजन कराने का विधान है। और कम से कम तीन ब्राह्मणों को भोजन कराया जा सकता है। यदि योग्य ब्राह्मण की उपलब्धता न हो तो कम से कम एक सात्त्विक ब्राह्मण को भोजन अवश्य कराए।

ब्राह्मण भोजन का महत्व

✍ संकलन गुरुत्व कार्यालय

शास्त्र एवं पुराणों के अनुसर जो श्रद्धा से दिया जाये उसे श्राद्ध कहते हैं।

ब्रह्मपुराण के अनुसार

देशे काले च पात्रे च श्रद्धया विधिना च यत्।
पितृनुद्दिश्य विप्रेभ्यो दत्तं श्राद्धमुदाहृतम्॥

अर्थात: देश, काल और पात्रमें विधिपूर्वक श्रद्धासे पितरोंके निमित्त जो ब्राह्मणको दिया जाए उसे श्राद्ध कहते हैं।

विद्वानों के मत से

संस्कृतं व्यञ्जनाद्यं च पयोमधघतान्वितम।
श्रद्धया दीयते यस्माच्छाद्धं तेन निगद्यते॥

अर्थात: जिस कर्म में दुग्ध, घृत और मधु से युक्त अच्छी प्रकारसे पकाये हुए उत्तम व्यंजनको श्रद्धापूर्वक पितृगणके उद्देश्यसे ब्राह्मण आदि को दिया जाय उसे श्राद्ध कहते हैं।

भोजन हेतु केवल श्रेष्ठ तथा उत्तम ब्राह्मणों को हि निमंत्रण देना चाहिए।

- पवित्र भाव से पितरों को गंध, पुष्प, धूप, घृत, आहुति, फल, मूल आदि अर्पित करके नमस्कार करना चाहिए।
- पितरों को प्रथम तृप्त करना चाहिए। सर्वप्रथम ब्राह्मणों के आगमन पर चरण धोने चाहिए। उसके बाद अपने सामर्थ्य के अनुसार अन्न-संपत्ति से ब्राह्मणों की पूजा करनी चाहिए। फिर उन्हें स्वच्छ आसनों पर बैठाकर श्राद्धाभाव पूर्वक भोजन कराना चाहिए।
- यदि भाग्यवश श्राद्ध के दिन कोई साधु, तपस्वी, ब्राह्मण, सन्यासी अथवा अतिथि बिना निमंत्रण के घर आजाये तो उन्हें भी भोजन कराना चाहिए।
- देवताओं तथा पितरों दोनों के निमित्त कम से कम एक-एक ब्राह्मण को भोजन कराने का विधान शास्त्रों में वर्णित है।
- पितरों के निमित्त विषम अर्थात 1, 3, 5, 7 इत्यादि की संख्या में ब्राह्मणों को भोजन कराने की व्यवस्था करनी चाहिए।
- देवताओं के निमित्त सम अर्थात 2,4,6,8 इत्यादि की संख्या में ब्राह्मणों को भोजन कराने की व्यवस्था करनी चाहिए।
- विशेष दान, अन्न, भक्ष्य, पेय, वस्त्र, गौ, अश्व तथा भूमि इत्यादि का दान देकर उत्तम ब्राह्मणों का पूजन करना चाहिए। द्विजों के पूजन एवं सत्कार से पितर प्रसन्न हो जाते हैं।

वायु पुराण के अनुसार

श्राद्ध के निमित्त हजारों ब्राह्मणों को भोजन कराने से जो फल प्राप्त होता है, वह फल एक योग में निपुण ब्राह्मण संतुष्ट होने पर दे देता हैं और पितरों को नरक से छुटकारा दिला देता है।

यदि श्राद्ध के अवसर पर कोई योग में निपुण, ध्यानी अथवा उत्तम पात्र न मिले तो दो कम से कम ब्रह्मचारियों को भोजन कराना चाहिए। यदि वे भी न मिलें तो किसी गरीब ब्राह्मण को भोजन कराना चाहिए।

शास्त्रोंक्त मत से

श्राद्ध के अवसर पर मित्रघाती, स्वभाव से ही विकृत, कन्यागामी, आग लगाने वाला, शराब आदि मादक द्रव्य बेचने वाला, समाज में निंदित, चोर, चुगल खोर, पुनर्विवाहिता स्त्री का पति, माता-पिता का

परित्याग करने वाला, रोग से ग्रस्त, खराब संतान का पालन-पोषण करने वाला, जिस परिवार में बच्चों का सूतक हो, नीचकर्म करनेवाली स्त्री का पति, नीति के विरुद्ध कर्म करने वाले, मलिन तथा पतित विचारों वाले लोगों को भोजन हेतु निमंत्रण नहीं देना चाहिए।

भोजन की व्यवस्था से पूर्व यह सुनिश्चित करले की सभी वयवस्थाएं भोजनकर्ता की इच्छा के अनुसार है। फिर सभी पात्रों में भोजन रखकर विनम्रभाव से अनुरोध करें की अब आप सब लोग अपनी इच्छा के अनुसार भोजन ग्रहण करें। फिर शांति पूर्वक उनकी रुचि अनुसार अभोजन परोसते रहना चाहिए। ब्राह्मणों को भी रुचिपूर्वक मौन रहकर प्रसन्नता से भोजन करना चाहिए। भोजन में सात्विक भोजन ही प्रयुक्त होता हैं अतः विद्वानों से परामर्श कर भोजन की व्यवस्थाएं करे। तथा जूठे बचे हुए अन्नादि पदार्थ किसी को नहीं देना चाहिए।

***

श्राद्ध के निमित्त दान का महत्व

संकलन गुरुत्व कार्यालय

श्राद्ध का दान देते समय कुछ सावधानियां बरतने का विधान शास्त्रों में वर्णित हैं।

दान देते समय अपने हाथ में काले तिल, जौ और कुश के साथ पानी लेकर ब्राह्मण को दान देना चाहिए, जिससे उसका शुभ फल पितरों तक पहुँच सके, अन्यथा इसका हिस्सा असुर ले जाते हैं।

दान देते समय ब्राह्मण के हाथ में अक्षत देकर यह मंत्र का उच्चारण किया जाता है।

अक्षतं चास्तु में पुण्यं शांति पुष्टिर्धृतिश्च मे।
यदिच्छ्रेयस् कर्मलोके तदस्तु सदा मम।।

अर्थातः मेरा पुण्य अक्षय हो। मुझे शांति, पुष्टि और धृति प्राप्त हो। लोक में जो कल्याणकारी वस्तुएँ हैं, वह सदा मुझे प्राप्त होती रहें।

पितरों को केवल श्रद्धा से ही बुलाकर तृप्त किया जा सकता है। सिर्फ कर्मकाण्ड या वस्तुओं तृप्त नहीं किया जा सकता है।

श्राद्ध में रजत (चाँदी) का दान उत्तम होता है। चाँदी के अभाव में उसका दर्शन अथवा उसका स्मरण भी पितरों को अनन्त एवं अक्षय स्वर्ग देनेवाला दान माना जाता है।

विद्वानों का कथन हैं की योग्य संतान चाँदी के दान से अपने पितरों को तारते हैं।
सुवर्ण निर्मित, चाँदी निर्मित, ताम्र निर्मित वस्तुएं, तिल, वस्त्र, कुश का तृण, कम्बल, अन्य पवित्र वस्तुएँ।

श्राद्ध में ब्राह्मणों को अन्न देने में असमर्थ हो तो ब्राह्मणों को कंदमूल, फल, शाक एवं यथा शक्ति दक्षिणा दे सकते है।

यदि इतना करने में भी असमर्थ हो तो किसी भी श्रेष्ठ ब्राह्म को प्रणाम करके एक मुट्ठी काले तिल दे सकते है या पितरों के निमित्त भूमि पर श्रद्धा-पूर्वक एवं नम्रता अल्प तिलों से युक्त जलांजलि दे सकते है। यदि इसका भी करने में असमर्थ हो तो किसी भी प्रकार से एक दिन का घास लाकर श्रद्धापूर्वक पितरों के निमित्त से गौ को खिलाये।
अतः धन के अभाव में श्रद्धा पूर्वक जो अर्पण किया जाता हैं पितर उससे वे तृप्त होते हैं।

पितृ शाप के कारण और शान्ति के सरल उपाय

संकलन गुरुत्व कार्यालय

माता-पिता बच्चों के भरण-पोषण, शिक्षा-दीक्षा आदि की पूर्ति के लिए जितना त्याग करते हैं

इस लिए हमारे शास्त्रों में माता-पिता को साक्षात् देवता कहां गया है।

मातृदेवो भव पितृ देवो भवः

लेकिन अधिकतर पुत्र संतान उसे भूल जाते हैं। कई बार देखनें को मिलता हैं की तामसी प्रवृत्ति की पुत्र संतान माता-पिता का उचित आदर-सम्मान नहीं देते माता-पिता को विभिन्न प्रकार की यात्नाएं देते हैं उन्हें अपमानित करते हैं, इस अवस्था में माता-पिता के लाख प्रयत्न के उपरांत भी जब संतान नहीं सुधरती इसी स्थिती में पिता के अंतर्मन में जो पीड़ा एवं तथा कष्ट उत्पन्न होता हैं इसी को विद्वानों ने पितृ शाप कहा है। तथा माता के अंतर्मन में जो पीड़ा एवं तथा कष्ट उत्पन्न होता हैं इसी को विद्वानों ने मातृ शाप कहा है।

ज्योतिष में पितृ शाप

- ज्योतिष में सूर्य को पिता का कारक ग्रह माना है। ज्योतिष के अनुसार कई प्रकार के पितृशाप के योग का निर्माण होता है।
- जन्म कुंडली में यदि सूर्य पंचम भाव में अपनी नीच राशि में शनि के नवमांश में हो और उसके चतुर्थ एवं छठे भाव में पाप ग्रह हो स्थित हो तो पितृश्राप होता हैं एवं संतान की हानि होती है।
- सूर्य पंचम भाव हो, सूर्य से द्वितीय तथा द्वादश स्थान में पाप ग्रह स्थित हो, त्रिकोण में पाप की ग्रह सूर्य पर दृष्टि हो तो पितृश्राप होता हैं।
- सूर्य पंचमेश हो पाप ग्रह के साथ पंचम या नवम भाव में स्थित हो और सूर्य से द्वितीय तथा द्वादश स्थान में पाप ग्रह स्थित हो तो पितृश्राप से संतान की हानी होती है।
- सिंह राशि में गुरु स्थित हो, पंचमेश सूर्य के साथ युत हो तथा लग्न और पंचम भाव में पाप ग्रह स्थित हो तो पितृश्राप बनता हैं।
- लग्नेश दुर्बल होकर पंचम भाव में स्थित हो, पंचमेश सूर्य के साथ हो तथा लग्न और पंचम भाव में पाप ग्रह हो तो पितृश्राप से संतान हानी होती है।
- दशम भाव का स्वामी पंचम भाव में अथवा पंचमेश दशम भाव में हो तथा लग्न और पंचम भाव में पाप ग्रह हो तो पितृश्राप से संतान की हानी होती है।
- मंगल दशम भाव का स्वामी होकर पंचमेश से युत हो तथा लग्न, पंचम और दशम भाव में पापग्रह हो तो पितृश्राप से संतान की हानी होती है।
- लग्न और पंचम भाव में में सूर्य, मंगल, शनि स्थित हों अष्टम और द्वादश भाव में राहु और गुरु हो तो पितृश्राप से संतान की हानी होती है।
- दशम भाव का स्वामी षष्ठम, अष्टम और द्वादश भाव में से किसी स्थान में तथा गुरु पाप ग्रह की राशि में स्थित हो तथा
- पंचमेष और लग्नेश पापयुत हो तो पितृश्राप से संतान की हानी होती है।
- अष्टम भाव में सूर्य, पंचम भाव में शनि स्थित हो, पंचमेश राहु से युत हो और लग्न पाप ग्रह से युत हो तो पितृश्राप से संतान की हानी होती है।
- द्वादशेश लग्न में स्थित हो, अष्टमेश पंचम में स्थित हो और दशमेश अष्टम भाव में स्थित हो तो पितृश्राप से संतान की हानी होती है।
- षष्ठेश पंचम में दशमेश के साथ में स्थित हो, तथा गुरु राहु से युत हो तो पितृश्राप से संतान की हानी होती है।
- षष्ठेश पंचम में स्थित हो, दशमेश षष्ठ भाव में

लाल किताब से जाने ऋण

संकलन गुरुत्व कार्यालय

लाल किताब के अनुशार पितृ ऋण, मातृ ऋण, स्त्री ऋण, बहन-बेटी का ऋण, निर्दयी ऋण, अज्ञान का ऋण, दैवि ऋण, संबंधि (रिश्तेदारी) का ऋण, स्वऋण आदि ऋण मानव के जीवन में सुख-समृद्धि व उन्नति में बाधक होते हैं। आप सभी के मार्गदर्शन हेतु यहां लालकिताब में उल्लेखित ऋण को विस्तारपूर्वक मझाया जा रहा हैं तथा उनके उपाय भी दिये जा रहे हैं।

हमारे अधिकतर धर्मशास्त्रो में उल्लेख हैं की "आपको जो फल प्राप्त होता हैं वह केवल आपके संचित कर्मो का फल होता हैं।"

कर्मण्ये वाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन्।

(श्रीमद् भगवत गीता)

अर्थात: बिना फल की अपेक्षा किए कर्म करते रहो।

लेकिन लाल किताब के अनुशार:

"आपको जो फल प्राप्त होता हैं वह केवल आपके कर्मो का फल नहीं होता, बल्कि आपको अपने पूर्वजों के कर्मो के फल भी भोगने पडता हैं।"

लाल किताब और ऋण

पितृ ऋण:

शास्त्रोक्त व आध्यात्मिक मान्यताओं के अनुशार हमारे पूर्वजों अर्थात पितरों का क्रियाकर्म आदि विधिवत पूर्ण नहीं होने पर पूर्वजों से हमें परेशानीयां होती हैं। इसे लालकिताब में पितृ ऋण की सज्ञा दी गई हैं।

लाल किताब में पितृ ऋण का सबसे बडा सिद्धांत हैं **"करे कोई, भरे कोई"**

अर्थात: पूर्वजों की गलती का परिणाम पुत्र को भोगना पडता हैं। ऐसा उस अवस्था में होता है जब कोई व्यक्ति अपने जीवन में कोई दुष्कर्म करता है, किसी को हानि पंहुचाता है या कोई पापकर्म करता है तो उसके वंश में किसी जातक को उसके किए गए कुकर्मो का दुष्फल भोगना पड़ता है, ऐसी अवस्था को ही पितृऋण कहां जाता हैं।

विद्वानो के मत से राजा दशरथ ने अनजाने में श्रवण कुमार को तीर मार जिससे श्रवण कुमार की मृत्यु से दुखी होकर उसके माता-पिता ने राजा दशरथ को यह शाप दिया **"जैसे हम पुत्र वियोग में मर रहे हैं उसी**

प्रकार आप भी पुत्र वियोग के कारण मृत्यु को प्राप्त करेंगे।"

राजा दशरथ पुत्र वियोग में मृत्यु को प्राप्त हुवे। श्रवण कुमार को तीर से मारना राजा दशरथ का कर्म था। परंतु राम का कोई अपराध न होने पर भी उन्हें पिता की गलती के कारण 14 साल का वनवास भोगना पडा।

महर्षि वाल्मिकी ने चिडिमार को शाप दिया:

"मा निषाद! प्रतिष्ठाम् त्वम गमः शाश्वती समा।"

उसी काल से अब तक हजारो लाखो चिडिमार हुवे होंगे लेकिन् महर्षि के शाप के कारण किसी को भी प्रतिष्ठा प्राप्त नहीं हुई। इन बातो से अनुमान लगाया जा सकता हैं की पूर्वजों के दुष्कर्मो का फल उनके वंशजों को भोगना पड़ता हैं। इसी को पितृ ऋण कहते हैं...

पितृ ऋण की पहचान:

- यदि मकान के पड़ोस में किसी धर्म स्थान या पीपल आदि पवित्र पेड़ हो और उसे काटा जाये तो पितृऋण बनता हैं।
- पितृ ऋण की मुख्य पहचान हैं कि इनसे होनेवाले अनिष्ठ से घर के सभी लोग प्रभावित होते हैं। प्रायः देखने में आता हैं की परिवार के किसी एक सदस्य की जन्म कुंडली में जो ग्रह पीडित हो वहीं ग्रह पीडित अवस्था में परिवार के अन्य व्यक्तियों की जन्म कुंडली में भी होते हैं।
- लालकिताब में जो ग्रह अपने घर में, अपने कारक घर में या शत्रु के घर में स्थित हो तो उस ग्रह को पीडित माना जाता हैं।
- पीडित ग्रह जिस रिश्तेदारों के कारक होते हैं उन्हीं रिश्तेदारों का दुष्कर्म या पापकर्म अथवा उन्हें मिलने वाल शाप पितृदोष होता हैं।

ग्रह संकेत:

- यदि किसी जन्म कुंडली में 2, 5, 9, 12, भावो में कोई भी ग्रह हो तो जातक पितृ ऋण से प्रभावित होगा ।
- कुंडली में 2,5,7 में से किसी भी भाव में बुध, शुक्र या राहु हो तो गुरु पीडित हो जाता हैं।
- यदि नवम भाव में गुरू के साथ शुक्र स्थित हो, चतुर्थ भाव में शनि और केतु हों तथा चन्द्रमा दशम भाव में हो तो जातक पितृ ऋण से पीड़ित होता हैं।

बुध और पितृऋण

कुंडली में यदि निम्नानुसार ग्रह स्थिति हो तो पितृऋण होता हैं।

- द्वितीय या सप्तम में बुध और नवम में शुक्र हो ।
- तृतीय में बुध और नवम में राहु हो ।
- चतुर्थ में बुध और नवम में चन्द्रमा हो ।
- पंचम में बुध और नवम में सूर्य हो ।
- षष्ठम में बुध और नवम में केतु हो ।
- दशम या एकादश में बुध और नवम में शनि हो ।
- द्वादश में बुध और नवम में गुरू हो ।

- उपरोक्त ग्रह स्थिति में बुध विरोध करने वाला बन जाता हैं और अन्य ग्रहों का फल बिगाडकर जातक को अनिष्टकारक बनता हैं।
- जो जातक के समस्त पारिवारीक सदस्यो पर प्रभाव पडता हैं। इस लिये बुध का उपाय करना चाहिए।

बृहस्पति और पितृऋण

कुंडली में यदि निम्नानुसार ग्रह स्थिति हो तो पितृऋण होता हैं।

- बृहस्पति केंद्र स्थान 1,4,7,10 में स्थित हों और शनि 2 में हो,
- बृहस्पति केंद्र स्थान 1,4,7,10 में स्थित हों और शुक्र 5 में हो,
- बृहस्पति केंद्र स्थान 1,4,7,10 में स्थित हों और बुध 3 में हो,
- बृहस्पति केंद्र स्थान 1,4,7,10 में स्थित हों और राहु 12 में हो,
- बृहस्पति केंद्र स्थान 1,4,7,10 में स्थित हों और बुध या शुक्र 3 या 6 में हो,
- बृहस्पति केंद्र स्थान 1,4,7,10 में स्थित हों और शनि 3 या 6 में हो,
- उपरोक्त ग्रह स्थिति में बृहस्पति से पितृऋण के लिए महत्वपूर्ण होती हैं। इसलिए बृहस्पति उपाय करना चाहिए।

अन्य ग्रहो से पितृऋण

कुंडली में यदि निम्नानुसार ग्रह स्थिति हो तो पितृऋण होता हैं।

- राहु, केतु या शत्रु ग्रह 5 में हो और सूर्य 1 या 11 में न हो,
- बुध, शुक्र, शनि ग्रह 4 में चंद्र के साथ हो।
- बुध या केतु 1 या 8 में हो और मंगल 7 में न हो,
- चंद्र 3 या 6 में हो और बुध 2 या 12 में न हो,
- सूर्य, चंद्र या राहु 2 या 7 में हो और शुक्र 1 या 8 में न हो,
- सूर्य, चंद्र या मंगल 7 या 10 में हो और शनि 3 या 4 में न हो,
- सूर्य, मंगल एवं शुक्र 12 में हो, राहु 6 में न हो और
- चंद्र, मंगल में हो और केतु 2 में न हो,

- उपरोक्त ग्रह स्थिति जन्म कुंडली में होने पर क्रमशः सूर्य, चंद्र, मंगल, बुध, शुक्र, शनि, राहु और केतु पीडित होते हैं।
- इसलिए जो ग्रह पीडित हो उसका उपाय करना चाहिए।
- उपरोक्त ग्रह योग के अतिरिक्त जन्म कुंडली में 2, 5, 7, 12, भाव में पीडित होते हैं तो जातक पितृ ऋण से प्रभावित होगा ।

फल:

- समय से पहले ही जातक के बाल सफद हो जाते हैं। जातक को वृद्धावस्था में कष्ट मिलते हैं।
- धन हानि होती है उसी के साथ जातक का दुर्भाग्य शुरु हो जाता हैं।
- जातक का धन खो जाता हैं या चोरी हो जाता हैं।
- घर की बरकत समाप्त होती जाये ।
- चोटी अर्थात शिखा के बाल झडने लगते हैं।
- विद्या प्राप्ति में रुकावटे आती हैं या शिक्षा अधूरी रह जाती हैं।
- जातक को समाज में मान हानि, बनते कार्यो में रूकावट, सुख की जगह दु:ख तथा निराशा प्राप्त होती हो। निर्दोष होने पर भी जेल जाना पडता हैं।

उपाय:

- परिवार या खानदान के हर एक सदस्य से पैसा इकट्ठा करके धर्म स्थान पर दान दें या अपने नजदीकी मंदिर की सेवा में देतो ऐसे अनिष्ट फल का शमन हो जायेगा ।
- पीपल के पेड की देखभाल करें।
- किसी भी कार्य को करने से पूर्व अपनी नाक को साफ करले।
- सिर पर पगड़ी (टोपी) पहने अर्थात बाल खुले न
- रखे सिर ढंक कर रखे या कपाल पर केसर अथवा पीले रंग का तिलक लागाएं।

स्व ऋण

आस्तिकता को त्याग कर जातक का नास्तिक होना और पुराने या पारंपरिक रीति-रिवाजों को न मानना जातक के स्वऋण से पीडित होना दर्शाता हैं। स्वऋण के प्रभाव से जातक जीवन में पहले प्रगति के उच्च शिखर पर पहुंच जाता हैं, जातक स्वयं के बल पर अतुल धन-सम्पत्ति अर्जित करता हैं। मान-सम्मान के कारण प्रसिद्ध-ख्याति मिलती हैं लेकिन समय के साथ-साथ उसका भाग्यचक्र उल्टा घुमने लगता हैं और आकस्मिक घटनाओं के कारण उसकी सारी धन-संपदा खर्च हो जाती हैं या चोरी हो जाता हैं। उसकी मान-प्रतिष्ठा रातो-रात धुमिल हो जाती हैं। यह स्थिति तब उत्पन्न होती हैं जब जातक का पुत्र ग्याराह महीने या ग्याराह साल का होता हैं। लाल गाय या भैंस खो जाती हैं या मर जाती हैं। स्वास्थ संबंधित समस्याएं परेशान करती हैं। शरीर के अंग में अकड्न होना, हिलने-डुलने में कठिनाई महसूस होती हैं। मुहं में हर वक्त थूक आता रहता हैं।

ग्रह संकेत:

- यदि कुंडली में सूर्य पंचम भाव में पापी ग्रह से पीडित हो तो जातक स्व ऋण से पीडित होता है या जन्मकुंडली के पंचम भाव में पापी ग्रहों के होने से स्वऋण होता है।
